Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 08 | गुरूवार, 08 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## कार्यक्रम में विभिन्न पहलुओं पर होगी चर्चा

# पीएम मोदी बोले- 'परीक्षा पे चर्चा' में छात्रों से बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं'

नई दिल्ली।



04 करोड़ से अधिक पंजीकरण


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वे इस साल होने वाले अपने वार्षिक कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से संवाद करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने यह बात इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा की।

अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि वे परीक्षा देने वाले छात्रों यानी 'एग्जाम वॉरियर्स' के सवालों और अनुभवों को सुनने के लिए उत्सुक हैं, ताकि उनकी बातें अन्य छात्रों को भी प्रेरित कर सकें। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं नजदीक आ रही हैं और इसी के साथ इस वर्ष की परीक्षा पे चर्चा भी आने वाली है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान छात्रों, माता-पिता और शिक्षकों से परीक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। खास तौर पर परीक्षा के तनाव को कैसे कम किया जाए, कैसे शांत और आत्मविश्वास से भरे रहकर परीक्षा दी जाए और मुस्कुराते हुए परीक्षा में शामिल हुआ जाए, इन विषयों पर संवाद किया जाएगा। परीक्षा पे चर्चा 2026 के लिए पंजीकरण चार करोड़ का आंकड़ा पार कर चुका है, जबकि आवेदन विंडो 11 जनवरी को बंद होने में अभी चार दिन शेष हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सात जनवरी, 2026 को शाम 5:30 बजे तक परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण के लिए कुल 4,03,12,346 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था। इनमें 3,75,00,671 छात्र, 22,89,974 शिक्षक और 5,21,701 अभिभावक शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि स्वदेश निर्मित प्रदूषण नियंत्रण जहाज समुद्र प्रताप के जलावतरण से आत्मनिर्भरता की ध्ष्टि मजबूत हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ च्सह ने सोमवार को भारतीय तटरक्षक जहाज समुद्र प्रताप का जलावतरण किया, जो भारत का पहला स्वदेश निर्मित प्रदूषण नियंत्रण जहाज और तटरक्षक के बेड़े में अब तक का सबसे बड़ा जहाज है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, ''समुद्र प्रताप का जलावतरण कई कारणों से उल्लेखनीय है, जिसमें यह तथ्य भी शामिल है कि यह आत्मनिर्भरता के हमारे दृष्टिकोण को ताकत देता है, सुरक्षा तंत्र को बढ़ावा देता है और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।''यह पोत समुद्री प्रदूषण नियंत्रण नियमों को लागू करने, समुद्री कानून प्रवर्तन, खोज और बचाव कार्यों और भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा। जहाज की प्राथमिक भूमिका समुद्र में प्रदूषण प्रतिक्रिया है।

## रविवार होने के बावजूद तारीख में बदलाव नही

# केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश करने का प्रस्ताव



नई दिल्ली।

सूत्रों के अनुसार, राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीपीए) ने संसद के बजट सत्र की शुरूआत 28 जनवरी और केंद्रीय बजट प्रस्तुति के लिए 1 फरवरी की तारीख प्रस्तावित की है। हालांकि अंतिम निर्णय अभी बाकी है, लेकिन 1 फरवरी रविवार होने के बावजूद सरकार इस तारीख को बनाए रखने की दिशा में आगे बढ़ रही है ताकि वित्तीय प्रक्रियाओं में पूवार्नुमेयता बनी रहे। बजट सत्र कैलेंडर वर्ष का पहला संसदीय सत्र होता है, जो दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण से शुरू होता है। इसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाता है और फिर बजट प्रस्तुति होती है। 2017 से केंद्रीय बजट 1 फरवरी को ही पेश किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य राजकोषीय प्रशासन में सुधार और नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत से पहले बजट लागू करना था। पहले यह फरवरी के अंतिम कार्यदिवस पर पेश होता था। बजट सत्र आमतौर पर दो चरणों में आयोजित होता है, जिसमें बीच में विराम होता है ताकि स्थायी समितियां मंत्रालयों की अनुदान मांगों की समीक्षा कर सकें। इस सत्र में भी कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और पेश होने की उम्मीद है। इसके अलावा, भारत फरवरी में ही एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी करेगा, जो वैश्विक स्तर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभाव पर केंद्रित होगा।

## यूपी में आज से मुफ्त राशन वितरण कार्यक्रम की होगी शुरूआत

लखनऊ।

प्रदेश में गुरुवार से राशन वितरण कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। इसके तहत सभी जिलों में कोटे की दुकानों पर मुफ्त राशन मिलेगा। इसके अलावा सरकार ने 23 जिलों में राशन वितरण की अलग व्यवस्था की है। इन जिलों में अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, फरुर्खाबाद, बदायूं, बरेली, शाहजहांपुर, अमरोहा, संभल, उन्नाव और बुलंदशहर शामिल हैं। इन जिलों में प्रत्येक अंत्योदय कार्डधारक को 14 किलोग्राम गेहूं, 11 किलोग्राम चावल और 10 किलोग्राम ज्वार-बाजरा दिया जाएगा। वहीं प्रदेश के शेष जिलों में प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं और 21 किलोग्राम चावल मुफ्त वितरित किया जाएगा। मुफ्त राशन वितरण के लिए समय भी निर्धारित किया गया है। कार्डधारक सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक और फिर दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक कोटे की दुकान से अपना राशन प्राप्त कर सकेंगे।

# यूपी में असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा रद, नकल माफिया के खुलासे के बाद सीएम योगी का फैसला



लखनऊ।

असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और नकल माफिया की संलिप्तता सामने आने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने परीक्षा को निरस्त करने का आदेश दे दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भर्ती प्रक्रिया की विश्वसनीयता को ध्यान में रखते हुए यह कड़ा निर्णय लिया।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा विज्ञापन संख्या-51 के अंतर्गत सहायक आचार्य पद के लिए 16 और 17 अप्रैल 2025 को परीक्षा आयोजित की गई थी। इसी परीक्षा को लेकर एसटीएफ को अनियमितताओं, धांधली और अवैध धन वसूली से जुड़ी गंभीर सूचनाएं मिली थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर गोपनीय जांच कराई गई। बता दें कि यूपी असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा का आयोजन राज्यभर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर 16 अप्रैल 2025 व 17 अप्रैल 2025 को हुई थी। इस भर्ती के माध्यम से कुल 1253 रिक्त पदों पर भर्ती की जानी थी जिसे अब रद कर दिया गया है।

## केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश करने का प्रस्ताव



नई दिल्ली।

रविवार होने के बावजूद तारीख में बदलाव नहीं

सूत्रों के अनुसार, राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीपीए) ने संसद के बजट सत्र की शुरूआत 28 जनवरी और केंद्रीय बजट प्रस्तुति के लिए 1 फरवरी की तारीख प्रस्तावित की है। हालांकि अंतिम निर्णय अभी बाकी है, लेकिन 1 फरवरी रविवार होने के बावजूद सरकार इस तारीख को बनाए रखने की दिशा में आगे बढ़ रही है ताकि वित्तीय प्रक्रियाओं में पूवार्नुमेयता बनी रहे। बजट सत्र कैलेंडर वर्ष का पहला संसदीय सत्र होता है, जो दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण से शुरू होता है। इसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाता है और फिर बजट प्रस्तुति होती है। 2017 से केंद्रीय बजट 1 फरवरी को ही पेश किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य राजकोषीय प्रशासन में सुधार और नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत से पहले बजट लागू करना था। पहले यह फरवरी के अंतिम कार्यदिवस पर पेश होता था। बजट सत्र आमतौर पर दो चरणों में आयोजित होता है, जिसमें बीच में विराम होता है ताकि स्थायी समितियां मंत्रालयों की अनुदान मांगों की समीक्षा कर सकें। इस सत्र में भी कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और पेश होने की उम्मीद है।

## सर्दी का सितम

# पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदान में ठंड ने ठिठुराया, घना कोहरा और शीतलहर से जनजीवन बेहाल



नई दिल्ली।

पश्चिमी हिमालय में बारिश और बर्फबारी के असर से उत्तर भारत में भीषण ठंड पड़ रही है। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में घना कोहरा, ठंडी हवाएं और धूप न निकलने से हालात मुश्किल बने हैं।

कई इलाकों में तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया, उड़ानें प्रभावित हुईं और स्कूलों की छुट्टियां 13 जनवरी तक बढ़ा दी गई हैं। पश्चिमी हिमालयी राज्यों में बारिश और बर्फबारी से पंजाब, हरियाणा और राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में लगातार दूसरे दिन बुधवार को चुभन वाली ठंड महसूस की गई। सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने, ठंडी हवाएं चलने और धूप नहीं निकलने से लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। हिमाचल प्रदेश में सडकों पर बर्फ जमने से फिसलन बढ़ गई, जिससे लोगों को जोखिम भरी यात्रा करने को मजबूर होना पड़ा। हालांकि, हिमाचल समेत पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी से सैलानियों के चेहरे खिल गए। अगले दो से तीन दिनों तक घना कोहरा छाए रहने और शीतलहर चलने की संभावना है। कुछ जगहों पर शीत दिवस की स्थिति भी बन सकती है। पंजाब और हरियाणा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसको देखते हुए राज्य सरकार ने स्कूलों की छुट्टियां 13 जनवरी तक बढ़ा दी है। प्रदेश में ज्यादातर जगहों पर घने कोहरे के साथ भीषण ठंड और शीतलहर का प्रकोप बना हुआ है।

# ट्रंप ने अमेरिका को 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से निकाला बाहर

वॉशिंगटन।




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अमेरिका को आधिकारिक रूप से बाहर निकालने की घोषणा की है, जिसमें 35 गैर-संयुक्त राष्ट्र (वठ) संगठन और 31 संयुक्त राष्ट्र संस्थाएं शामिल हैं। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि ये संगठन ₹अमेरिकी राष्ट्रीय हितों के विपरीत₹ काम करते हैं और यह कदम अमेरिकी संप्रभुता और आर्थिक शक्ति को प्राथमिकता देने के लिए उठाया गया है। व्हाइट हाउस ने संगठनों के नाम तो नहीं बताए, लेकिन कहा कि वे ₹कट्टरपंथी जलवायु नीतियों, वैश्विक शासन और वैचारिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देते हैं जो अमेरिकी संप्रभुता और आर्थिक शक्ति के साथ टकराव पैदा करते हैं।

# इंदौर के भागीरथपुरा में टेस्टिंग के दौरान ही फूटी पाइपलाइन

इंदौर।

24 नए मरीज मिले

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से 20 लोगों की मौत के बाद भी नगर निगम की व्यवस्था पटरी पर आती नहीं दिख रही है। बुधवार को जिस 'टेस्टिंग' को सुधार की दिशा में अहम कदम बताया गया, उसी ने निगम की लापरवाही की पोल खोल दी। जल वितरण लाइन की जांच के लिए जैसे ही क्लोरीनयुक्त पानी छोड़ा गया, पाइपलाइन फूट गई। तेज दबाव के साथ बहता पानी घरों और दुकानों में घुस गया। हालात बिगड़ते देख आनन-फानन में सप्लाई बंद करनी पड़ी। रहवासियों का कहना है कि उल्टी-दस्त से बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने के बाद कुछ दिन पहले ही निगम ने लाइन में सुधार का दावा किया था। जिस स्थान पर बुधवार को पाइपलाइन फूटी, वहां पहले गड्ढा खोदकर काम किया गया था, लेकिन लाइन को सही ढंग से जोड़े बिना ही गड्ढा भर दिया गया। बुधवार को जब दबाव के साथ पानी छोड़ा गया, तो यह लापरवाही सामने आ गई।इस बीच, दूषित पेयजल को लेकर एक और गंभीर खामी सामने आई है।



## संपादक की कलम से

# पीएम की खुदेगी कब्र!

रा राजधानी दिल्ली का जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) नफरत, हिंसा और छद्म वामपंथ का ऐसा अड्डा है, जहां छात्रों की युवा पीढि?ों को, साल-दर-साल, जहरीला और देश-विरोधी बनाया जा रहा है। दुर्भाग्य है कि आतंकवादी अफजल गुरु और उमर खालिद, शरजील इमाम इन छात्रों के आदर्श हैं। पाकिस्तान के लिए वे मर्माहत होते हैं और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अपमान करते हैं। संसद को वे ढकोसला करार देते हैं, लिहाजा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के खिलाफ भी आंदोलित होते हैं। अब उन्हीं छात्रों की एक जमात देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की कब्र खोदने के नारे लगा रही है। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की कब्र जेएनयू की लाल मिट्टी पर, लाल दीवारों वाली जमीन पर ही खुदेगी और ये छात्र लाल सलाम की हुंकारें भरेंगे। आखिर प्रधानमंत्री की कब्र क्यों खुदेगी? ऐसे ही नारे कांग्रेस नेताओं ने भी लगाए थे। उन अपराधों की नियति क्या हुई? देश आज भी जानना चाहता है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने जेएनयू के छात्रों के साथ क्या अपराध किया है? भारत सरकार करोड़ों रुपए सालाना का अनुदान देकर ऐसे विश्वविद्यालय को संचालित कर रही है, जहां छद्म वामपंथ और देशद्रोही प्रवृत्तियां पलती रही हैं। वामपंथ शेष देश में अप्रासंगिक हो चुका है। उसके कुछ अवशेष बचे हैं, लेकिन छात्रों के एक वर्ग में आज भी यह फैशन के तौर पर जिंदा है। कैसी विडंबना और विरोधाभास है यह? कब्र खुदेगी किसी वैचारिक लड़ाई, संघर्ष का भी हिस्सा नहीं है। संविधान हम सभी को अधिकार देता है कि हम प्रधानमंत्री और उनकी सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों, राजनीति और विचारधारा का विरोध कर सकते हैं। आंदोलन छेड़ सकते हैं, लेकिन जिस शख्स को देश के लोकतंत्र ने बहुमत देकर प्रधानमंत्री चुना है और उस प्रधानमंत्री ने एक निर्वाचित सांसद को अपना गृहमंत्री चुना है, उनकी कब्र खुदेगी के नारे लगाना, डफली की ताल पर तालियां बजा कर विरोध-प्रदर्शन करना तो लोकतांत्रिक मजाक है। यह देश के कार्यकारी प्रमुख को गालियां देना है, लिहाजा यह असंवैधानिक है और अस्वीकार्य भी है। ऐसे लाल-लाल छात्रों को विश्वविद्यालय से बर्खास्त कर हमेशा के लिए काली सूची में डाल देना चाहिए। उनका शैक्षिक करियर बर्बाद होता है, तो उसकी भी परवाह नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यह भडकी, उकसाई गई, उच्छृंखल जमात पढ़ाई के लिए विश्वविद्यालय में नहीं आई है। वे देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की कब्र इसलिए खोदने के उत्तेजक नारे लगा रहे हैं, क्योंकि सर्वोच्च अदालत ने उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत नहीं दी है। बल्कि उन्हें 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश का केंद्रीय आरोपित माना है। वे आगामी एक साल तक जमानत के लिए दोबारा आवेदन भी नहीं कर सकेंगे। दिल्ली दंगों में 53 मासूम मौतें हुई थीं, 581 लोग घायल हुए थे और 1200 से अधिक घर और दुकानें जला दी गईं या तबाह कर दी गई थीं। कोई सामान्य अपराध नहीं था। उमर और शरजील भी जेएनयू की देश-विरोधी जमात के सदस्य रहे हैं। वे उस कन्हैया कुमार के बगलगीर थे, जो आज कांग्रेस में राहुल गांधी के लाड़ले नेता हैं। जब आतंकवादी अफजल गुरु को फांसी दी गई, तो उसके कुछ समय बाद, मोदी के प्रधानमंत्री काल में ही, जेएनयू में घोर देशद्रोही नारे लगाए गए थे-भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशा अल्लाहङ्घ। आजादी, आजादी के भी नारे लगाए गए। आखिर किससे चाहिए आजादी? देश तो आजाद है, लिहाजा अभिव्यक्ति की आजादी का मौलिक अधिकार भी हासिल है, लेकिन प्रधानमंत्री की कब्र खुदेगी किसी भी मायने में अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है। यह नापाक गाली है और कानून का उल्लंघन भी है, लिहाजा सोमवार रात, 5 जनवरी, जेएनयू परिसर में, साबरमती हॉस्टल के बाहर, ऐसी नारेबाजी करना विश्वविद्यालय की आचार संहिता के भी खिलाफ है। बहरहाल जेएनयू प्रशासन के आग्रह और हुड़दंगियों की पहचान के आधार पर प्राथमिकी तो दर्ज की गई है, लेकिन शेष कार्रवाई पुलिस को करनी है।



ललित शर्मा
संपादक

## कविता

### हताश मन

मोनिका डागा



चुभती है शूल सी दर्द भरी सर्द रातें,
किसको कहें हम अपनी सारी बातें,
जिंदगी का वो सुकून सारा है खोया,
उदास मन भीतर ही भीतर घंटों रोया।

तिनका-तिनका हुए सुनहरे ख़्वाब सारे,
देखे थे जो मिलकर हमने संग में तुम्हारे,
तकदीर में नहीं लिखा था अपना मिलना,
बाहर सर्द मौसम और भीतर यूँ जलना।

सूख गई मन की ₹आनंद₹ मधुमय धारा,
जीवन ने हमें दिया पीने को जहर खारा,
जिंदगी कहती कॉटों में ही गुलाब खिलते,
बिछुड़ने वाले फिर उस तरह नहीं मिलते।

पर संभाले किस तरह इस हताश मन को,
ये समझना ही नहीं चाहता नए जीवन को,
अकेलेपन ने रातों को किया लम्बा बहुत,
हो गई अब से जिंदगी उबाऊ और सुस्त।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अरावली पर्वतश्रृंखला पर जारी सियासत के बीच सजग हुई सरकार से जगी उम्मीदें



केंद्र सरकार ने भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद को अरावली क्षेत्र में सतत खनन के लिए वैज्ञानिक योजना बनाने का निर्देश दिया है। लिहाजा, यह वैज्ञानिक योजना ही अब देखेगी कि खनन का प्रकृति पर कितना बुरा असर पड़ रहा है और अरावली क्षेत्र कितना भार सह सकता है। दिल्ली-एनसीआर के लिए प्राकृतिक वरदान समझी जाने वाली अरावली पर्वतश्रृंखला पर चल रहे विरोध प्रदर्शनों के दृष्टिगत और प्रस्तावित अरावली सत्याग्रह के बीच केंद्र सरकार ने विभिन्न राज्यों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि इस पर्वतमाला क्षेत्र में अब किसी भी प्रकार के नए खनन पट्टे (माइनिंग लीज) जारी न किए जाएं। इससे साफ है कि अरावली पर्वतश्रृंखला पर जारी सियासत के दृष्टिगत केंद्र सरकार अब सजग हो चुकी है और जनहित के मद्देनजर आवश्यक दिशानिर्देश जारी किया है। इससे अरावली पर्वतश्रृंखला में जैव विविधता के संरक्षण की उम्मीद भी बढ़ी है। यदि वाकई ऐसा होता है तो देश की राजधानी नई दिल्ली के लिए यह शुभ कदम होगा। यहां के जल संरक्षण, वायु संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण आदि की दिशा में इसके सकारात्मक प्रभाव जल्द दिखेंगे।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने गत बुधवार को इस बारे में एक नया आदेश जारी किया है, जिसमें स्पष्ट किया हुआ है कि यह प्रतिबंध गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली तक फैली पूरी अरावली श्रृंखला पर समान रूप से लागू होगा। मंत्रालय के मुताबिक, यह फैसला अरावली को पर्वतमाला के रूप में सुरक्षित रखने और इसके आसपास चल रहे अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने के मकसद से लिया गया है। लगे हाथ सरकार ने भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद (कउऋफए) को यह भी निर्देश दिया है कि वह पूरे अरावली रीजन में ऐसे जोन की पहचान करे, जहां खनन पर पूरी तरह से बैन लगाया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने हाल में कहा था कि आसपास की जमीन से कम से कम 100 मीटर ऊंचे हिस्से को ही अरावली पहाड़ी माना जाएगा। इसप्रकार इस नए मानक से कई ऐसी पहाड़ियों पर खनन का डर पैदा हुआ, जो 100 मीटर से छोटी और झाड़ियों से ढकी हुई है। यही वजह है कि पर्यावरण प्रेमियों ने इसे मुद्दा बना दिया और राजनीतिक दलों के मुखर होने से विरोध तेज हुआ। हालांकि अरावली सत्याग्रह की हवा निकालने के लिये केंद्र सरकार ने समय रहते ही समुचित कदम उठा लिए। साथ ही इसके इर्द-गिर्द पुनः हरियाली वापस लाने के उपाय करने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वहीं, केंद्र सरकार ने भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद को अरावली क्षेत्र में सतत खनन (र४२३ंल्लुंह्ल ट्रल्लल्लॅ) के लिए वैज्ञानिक योजना बनाने का निर्देश दिया है। लिहाजा, यह वैज्ञानिक योजना ही अब देखेगी कि खनन का प्रकृति पर कितना बुरा असर पड़ रहा है और अरावली क्षेत्र कितना भार सह सकता है। जहा खनन हो चुका है, उन क्षेत्रों को फिर से सुधारने और वहां पर हरियाली वापस लाने के उपाय किए जाएंगे। यह दूरदर्शिता भरा कदम है जो सराहनीय है। पर्यावरण और वन मंत्रालय ने यह भी निर्देश दिया है कि जो खदाने पहले से संचालित है, उनके लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप सभी पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों का राज्य सख्ती से पालन कराए जाएं। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि मौजूदा खनन गतिविधियों को भी कड़े नियमों और अतिरिक्त प्रतिबंधों के तहत कंट्रोल किया जाएगा। बताते चलें कि अरावली अस्तित्व संकट मुख्य रूप से अवैध खनन और पर्यावरणीय क्षरण से जुड़ा है, जो 1990 के दशक में शुरू हुआ। इस दौरान राजस्थान, हरियाणा और गुजरात में खनन गतिविधियों से पहाड़ियों को भारी नुकसान पहुंचा। अरावली पर्वतमाला में अवैध खनन की शिकायतें 1990 के दशक से बढ़ने लगीं, जब संगमरमर और ग्रेनाइट जैसे खनिजों के दोहन से पर्यावरण, जल संकट और वायु प्रदूषण उभरा। अलबत्ता 1992 में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार हस्तक्षेप कर कुछ क्षेत्रों में खनन रोका। वहीं 2002 में सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी ने हरियाणा और राजस्थान में पूर्ण खनन प्रतिबंध लगाया। ततपश्चात 2003 का विवादास्पद मर्फी फॉमूर्ला लागू हुआ, जिसने 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को खनन योग्य घोषित किया।

पुनः बढ़ते विरोध के मद्देनजर 2009 में हरियाणा के कई जिलों में स्थायी प्रतिबंध लगा। जहां तक इसे मुद्दे पर हालिया विकास की बात है तो नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की नई परिभाषा (100 मीटर ऊंचाई) मंजूर की, जिससे खनन का खतरा फिर बढ़ गया है। यह थार रेगिस्तान के विस्तार और दिल्ली-एनसीआर के पर्यावरण को प्रभावित कर सकता है। अरावली में अवैध खनन मुख्य रूप से 1990 के दशक से तेजी से बढ़ा, जब संगमरमर, ग्रेनाइट और चूना पत्थर जैसे खनिजों की मांग बढ़ने लगी। यह राजस्थान, हरियाणा और गुजरात की सीमाओं पर जंगलों के बीच गुप्त सड़कों और रात के अंधेरे में विस्फोटों के जरिए फैला। इसके बढ़ोतरी के कारण खनन माफियाओं ने स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से जंगल काटे, डंपरों के लिए रास्ते बनाए और सप्ताहांतों पर बड़े पैमाने पर ब्लास्टिंग की। आंकड़े बताते हैं कि 1975 से 2019 तक अरावली की 8% पहाड़ियां गायब हो चुकीं थीं, जिसमें अवैध खनन की मुख्य भूमिका रही। 2018 तक राजस्थान में 25% अरावली प्रभावित क्षेत्र नष्ट हो चुका। नूह, चित्तौड़ा जैसे इलाकों से 8 करोड़ मीट्रिक टन से अधिक सामग्री गायब। आलम यह रहा कि सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंधों के बावजूद सरिस्का जैसे संरक्षित क्षेत्रों में जारी। वहीं, हालिया स्थिति यह है कि 2024-2025 में हरियाणा-राजस्थान सीमा पर 30 से अधिक गांवों में खनन माफिया सक्रिय, जिससे धूल भरी आंधियां और दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण बढ़ा। इससे सतर्क हुए एनजीटी ने कई बार जांच के आदेश दिए। देखा जाए तो अरावली संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित जिले राजस्थान, हरियाणा और गुजरात के सीमावर्ती क्षेत्रों में हैं, जहां अवैध खनन ने पहाड़ियों को नष्ट किया। राजस्थान के जिले अलवर, जयपुर, सीकर और उदयपुर जैसे जिले सबसे अधिक प्रभावित हुए, जहां सरिस्का टाइगर रिजर्व के आसपास खनन माफिया सक्रिय रहे। यहां 1990 से 25% क्षेत्र नष्ट हो चुका। वहीं, हरियाणा के जिले नूह (मेवात), गुरुग्राम, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी में 30 से अधिक गांव खनन से तबाह, धूल भरी आंधियां दिल्ली-एनसीआर तक पहुंचीं। वहीं गुजरात के जिले साबरकांठा और बनासकांठा जिलों में चूना पत्थर खनन से अरावली का बड़ा हिस्सा गायब। कुल मिलाकर, इन जिलों में 1975-2019 तक 8% पहाड़ियां समाप्त हो चुकीं।

# पार्टी में कर लिया है ओवरईट तो करें ये उपाय



पार्टी में हम सभी ज्यादा खा लेते हैं, लेकिन बाद में पैनिक करना शुरू कर देते हैं और गिल्ट में आकर खुद को ही ब्लेम करना शुरू कर देते हैं। लेकिन ऐसा करने से आपका स्ट्रेस बढ़ता है और क्रेविंग और भी ज्यादा होती है। इसलिए, मान लीजिए कि आपने ज्यादा खा लिया है और अब आप इसे आराम से बैलेंस कर लेंगे। नया साल आ चुका है और हम सभी ने नए साल का जश्न धूमधाम से मनाया। इस सेलिब्रेशन में यमी खाने से लेकर मिठाइयों और पार्टियों का खूब लुत्फ उठाया। लेकिन जमकर पार्टी करने के बाद हम एक गिल्ट में चले जाते हैं। जब स्केल पर बढ़ा हुआ वजन नजर आता है तो सारी खुशियां कहीं ना कहीं गिल्ट में बदल जाती हैं। हमें लगता है कि इतना सारा खाने के बाद वजन बहुज ज्यादा बढ़ जाएगा। कई बार तो लोग गिल्ट में आकर क्रैश डाइटिंग, ओवर-एक्सरसाइजिंग या खुद को पनिश करना शुरू कर देते हैं। जबकि आपको ऐसा करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। आज इस लेख में हम बात कर रहे हैं कि ओवरईटिंग के बाद क्या करना चाहिए, क्या नहीं करना चाहिए, क्योंकि हेल्थ का मतलब पनिशमेंट नहीं, बैलेंस है-

**पैनिक ना हों**

पार्टी में हम सभी ज्यादा खा लेते हैं, लेकिन बाद में पैनिक करना शुरू कर देते हैं और गिल्ट में आकर खुद को ही ब्लेम करना शुरू कर देते हैं। लेकिन ऐसा करने से आपका स्ट्रेस बढ़ता है और क्रेविंग और भी ज्यादा होती है। इसलिए, मान लीजिए कि आपने ज्यादा खा लिया है और अब आप इसे आराम से बैलेंस कर लेंगे।

**पीएं गुनगुना पानी**

अगर आपने ज्यादा खा लिया है तो यह बेहद जरूरी है कि आप शरीर के हाइड्रेशन का खास ख्याल रखें। आप खाली पेट 1-2 गिलास गुनगुना पानी जरूर पीएं। अगर आप चाहें तो इसमें नींबू डाल सकते हैं या फिर जीरा या अजवाइन का पानी पीना भी अच्छा विचार है। याद रखें कि आपको किसी फैट बर्नर ड्रिंक की जरूरत नहीं है।

**खाएं लाइट और बैलेंस्ड मील**

बहुत सारे लोग अगर पार्टी में ज्यादा खा लेते हैं तो अगले दिन भूखा रहने लग जाते हैं। लेकिन आपको ऐसा करने की जगह लाइट और बैलेंस्ड मील खाना चाहिए। आप अगले दिन ऑयली या पार्टी का बचा हुआ खाना ना खाएं। इसकी जगह दाल, सब्जी, दही, फल, सलाद या खिचड़ी आदि लें।

**नमक और चीनी लें थोड़ा कम**

कोशिश करें कि आप नमक और चीनी कम मात्रा में लें। दरअसल, ये पानी रोकते हैं, जिससे आपको ब्लोटिंग हो सकती है। इसलिए, पैकेज्ड फूड, चिप्स, नमकीन या मिठाइयों का सेवन कम करने की कोशिश करें।

# 10 जनवरी से भारत मंडपम में लगेगा किताबों का महाकुंभ, एंट्री होगी बिल्कुल फ्री! जानें क्या है थीम?

दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026 का आयोजन 10 से 18 जनवरी तक भारत मंडपम में किया जा रहा है, जिसमें इस बार प्रवेश पूरी तरह से निःशुल्क है। मेले की थीम भारतीय सेनाओं के इतिहास पर आधारित है और इसमें कई सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रसिद्ध लेखक भी शामिल होंगे। हर साल दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला जरुर लगाता है। इस साल भी 10 जनवरी से दिल्ली में वर्ल्ड बुक फेयर लगने जा रहा है। बुक लवर के लिए यह मिला किसी जादू से कम नहीं है। इस मेले में पुस्तकों का भंडार मिलेगा और सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि अन्य देशों और भाषाओं में किताबें भी मिलेंगी। कहा जा रहा है कि इस बार पुस्तक मेला बिल्कुल अलग थीम पर रखा गया है और इसमें कई खास और विदेश अतिथियों के पहुंचने की खबरें मिल रही हैं। चलिए आपको इस लेख में पुस्तक मेला के बारें पूरी डिटेल्स बताते है।

**एंट्री फीस क्या है?**

इस बार विश्व पुस्तक मेला की खासियत है कि इसमें कोई एंट्री फीस नहीं है। यह सभी के लिए बिल्कुल फ्री है। पहली बार विश्व पुस्तक मेला में जाने के लिए कोई फीस नहीं देनी पड़ेगी।

**कहां लगेगा?**

विश्व पुस्तक मेला इस साल भारत मंडपम में लग रहा है और इसमें खासतौर पर हॉल नंबर 2 से 6 तक में ये मेला लग रहा है। इसमें पहले आपको सभी किताबों के स्टॉल मिलेंगे। यहां पर हर प्रकार की किताबें आपको देखने को मिल जाएंगी।

**थीम क्या है?**

इस बार विश्व पुस्तक मेला 2026 की थीम काफी अलग है। मेले की थीम वायु, जल, थल सेना के इतिहास पर है, तो तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मेले में पहुंचेंगे। आपको बता दें कि, यह मेला 18 जनवरी तक चलने वाला है। इसमें करीब 50 वीआईपी के पहुंचने की उम्मीद है। वहीं, भारतीय सेना से जुड़े लोग भी शिरकत कर सकते हैं।

**कल्चरल शो और लेखक**

विश्व पुस्तक मेला में आप शाम को समय में कई कल्चरल शो भी देख सकते हैं। यहां पर नुक्कड़ नाटक, डांस जैसे शोज परफॉर्म किए जाएंगे। इसके अलावा, यहां पर लोकप्रिय लेखक भी शामिल हो सकते हैं। हर दिन कोई न कोई फेमस लेखक जरुर शिरकत करेगा।

**कैसे जाएं**

यहां पहुंचने के लिए नजदीकी मेट्रो स्टेशन सुप्रीम कोर्ट है। सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर उतरकर आप 10 मिनट पैदल चलकर भारत मंडपम तक पहुंच सकते हैं। फिर चाहे आप रिक्शा भी ले सकते हैं या कैब भी बुक कर सकते हैं।



# दिव्यांगजन को सहायता :जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने ट्राईसाइकिल व कंबल प्रदान किया

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान तहसील मिलक के ग्राम झुनईया निवासी दिव्यांग श्री छत्रपाल की समस्या का समाधान करते हुए जिलाधिकारी द्वारा उन्हें ट्राईसाइकिल एवं कंबल प्रदान किया गया। ट्राईसाइकिल प्राप्त होने से दिव्यांगजन की दैनिक गतिविधियों में सुगमता आएगी तथा वे अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगे। साथ ही शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए कंबल प्रदान कर उन्हें ठंड से बचाव हेतु सहायता दी गई। इसके अतिरिक्त, पूर्व जनसुनवाई के दौरान श्री मोहम्मद हाफिज एवं श्रीमती रेशमा परवीन द्वारा स्वास्थ्य कारणों से आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का अनुरोध किया गया था। उक्त अनुरोध पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा दोनों लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप दिव्यांगजनों, असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा सभी पात्र लाभार्थियों को शासन की योजनाओं से अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए।

# अंडर 14 हॉकी स्कूल गर्ल्स नेशनल में यूपी टीम ने उड़ीसा को चार जीरो से हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** ग्वालियर में चल रही स्कूल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चौदह वर्षीय स्कूल प्रतियोगिता एस जी एफ आई दो से सात जनवरी का आज समापन हुआ। यूपी टीम ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बताते चलें की यूपी टीम में मुरादाबाद मंडल से रामपुर की बालिका मशीयत फातिमा यूपी टीम की सदस्य हैं। रामपुर की यह वह बालिका है जिसने पहली बार यूपी टीम में चयनित होकर मुरादाबाद मंडल और रामपुर का नाम रोशन किया है। मशीयत फातिमा के ब्रोंस मेडल जीतने पर रामपुर वालों में खुशी का माहौल है। सभी लोग मशीयत फातिमा के आने का इंतजार कर रहे हैं। वह 8 जनवरी को क्रॉस मेडल लेकर रामपुर पहुंचेगी। इसके लिए रामपुर जिला प्रशासन जिला क्रीड़ा अधिकारी उनके कोच पूर्व ओलंपियन राजेंद्र सिंह रावत जिला शिक्षा विभाग हॉकी कोच एवम पिता फरहत अली खान माता मारिया फरहत राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा रामपुर सभी सीनियर हॉकी प्लेयर बधाई के पात्र है।

## लेखक एवं गीतकार सलमान फरीदी तथा डिजाइनिंग क्षेत्र के हीरा सुहेल डिजाइनर के संरक्षण और निर्देशन में लॉन्चिंग हुआ डांसिंग सॉन्ग



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**धामपुर।** जनपद बिजनौर की नृत्य क्षेत्र की अग्रणी संस्था रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप के संस्थापक एवं जनपद के जाने-माने वरिष्ठ कोरियोग्राफर द्वारा विभिन्न विद्यालयों तथा परिवारों के बच्चों को नृत्य का प्रभावी प्रशिक्षण देते हुए 8 जनवरी 2026 को 35 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण विशेष नृत्य पर आधारित एक डांसिंग सॉन्ग की लांचिंग की गई है जिसमें प्रसिद्ध लेखक और गायक सलमान फरीदी ने अपना लिखा हुआ गीत प्रस्तुत किया है तथा डिजाइनिंग के क्षेत्र में अनेकों प्रकार की उपलब्धियां एवं ख्याति अर्जित कर चुके सुहेल डिजाइनर ने प्रभावी तरीके से एडिटिंग की है तथा वरिष्ठ कोरियोग्राफर रोमियो मयूर ने अनेक भाव भंगिमाओं और उल्लेखनीय कलाओं के साथ ऐतिहासिक और उपलब्धि पूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया है यह डांसिंग सॉन्ग सोशल मीडिया के माध्यम से इंस्टाग्राम और फेसबुक पर जारी किया जा चुका है। रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप के संस्थापक रोमियो मयूर ने बताया कि वह पिछले 35 वर्षों से मुरादाबाद मंडल के जनपद बिजनौर एवं अमरोहा के विभिन्न विद्यालयों और परिवारों के बच्चों को नृत्य के क्षेत्र में प्रभावित तरीके से न केवल प्रशिक्षित कर चुके हैं बल्कि अनेक बच्चों को उनकी उपलब्धियों के रूप में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मंच भी उपलब्ध करा चुके हैं उन्हें इस बात की भी भरपूर प्रसन्नता है कि संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य और शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों द्वारा भी उन्हें बच्चों को उपलब्धियां दिलाने के संबंध में भरपूर प्रोत्साहन एवं सम्मान भी प्रदान किया जा चुका है उन्होंने बताया कि 8 जनवरी 2026 को नृत्य प्रशिक्षण के 35 वर्ष पूर्ण करके वह 9 जनवरी 2026 को अपने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के 26 वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं उन्होंने सलमान फरीदी तथा सुहेल डिजाइनर द्वारा प्रदान किए गए संरक्षण एवं सहयोग के प्रति आभार प्रदर्शित करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि इन दोनों के संरक्षण एवं निर्देशन में आगे भी उन्हें विभिन्न प्रकार की उपलब्धियां अर्जित करने का सौभाग्य प्राप्त होता रहेगा उन्होंने यह भी बताया कि वह बच्चों को नृत्य प्रशिक्षण प्रदान करने का यह कार्यक्रम निरंतर आगे भी जारी रखेंगे क्योंकि वह अधिक से अधिक बच्चों को नृत्य के क्षेत्र में प्रशिक्षित करके उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मंच दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।


# विवेक विश्वविद्यालय में नेशनल स्पीड हैंडबाल बॉल चेम्पयिनशिप 2026 का शानदार आगाज

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर में नेशनल स्पीड हैंड बॉल चेम्पयिनशिप 2026 का शानदार आगाज किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रुप में पधारे प्रशासनिक अधिकारी कुनाल रस्तौगी, स्पीड हैडबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव मानसिंह, स्पीड हैडबाल फेडरेशन उत्तर प्रदेश के सचिव विवेक गिरि, स्पीड हैडबाल फेडरेशन संस्थापक सदस्य पप्पल गोस्वामी, विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गोयल, प्रोचांसलर दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष डी०के० अग्रवाल फाइनेंस एडवांइजर अनिल शर्मा, कुलपति प्रोफेसर एन के गुप्ता, कुलसचिव डा हितेश शर्मा, आदि के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें विवेक विश्वविद्यालय के तन्वी, अक्षी, जिया, हिमांशु, सुमित एवं करुणा द्वारा शानदार गणेश वन्दना, प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में पूरे भारतवर्ष से लगभग 22 राज्यों ने प्रतिभाग किया। प्रथम दिन पुरुष वर्ग का उदघाटन मैच छत्तीसगढ एवं विवेक विश्वविद्यालय एकेडमी की टीम में हुआ। नेशनल हैंड बाल के सचिव मान सिंह ने कहा कि फेडरेशन का उददेश्य गावों में छिपी प्रतिभा को खोजना है हमारा देश आने वाले समय में सबसे ज्यादा पदक लाने वाला बनेगा। अमित गोयल ने सभी टीमों का स्वागत करते हुये कहा कि जनपद बिजनौर मे लगातार विवेक विश्वविद्यालय नेशनल चेम्पयिनशिप का आयोजन कर रहा है जनपद बिजनौर के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश, हिमाचंल प्रदेश, गुजरात, केरल, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, आसाम, उत्तराखण्ड, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ, राजस्थान गुजरात आदि प्रदेशो की टीमें इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही है कार्यक्रम का संचालन डा निधि शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विश्वविद्यालय के कीड़ाधिकारी डा मुकुल कुमार, डॉ राजीव चैधरी, डा दीप्ती डिमरी, डॉ एस, के त्यागी, डॉ सर्वेश शीतल, डॉ सौरभ शर्मा, डॉ देबाशीष, डॉ हर्ष,, डॉ संजय त्यागी, डॉ मीना, पंकज त्यागी एवं सभी प्रवक्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

## मोहित कुमार को पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा खेल प्रमाण-पत्र एवं ट्रैक सूट प्रदान कर सम्मानित किया गया



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** कमिश्नरेट कानपुर नगर में आयोजित 26वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिताझ2025 में उत्तर प्रदेश के समस्त जोनों की टीमों के मध्य प्रतियोगिता संपन्न कराई गई, जिसमें जोन बरेली की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता में जोन बरेली की टीम की ओर से टीम कप्तान के रूप में प्रतिभाग करने पर मुख्य आरक्षी मोहित कुमार को पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा खेल प्रमाण-पत्र एवं ट्रैक सूट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा उनके खेल कौशल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी स्वार एवं क्षेत्राधिकारी बिलासपुर भी उपस्थित रहे।

## सीवर लाईन व पेयजल पाईप लाईन की नियमित चेकिंग करें सुनिश्चित- जिलाधिकारी जसजीत कौर

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनमानस को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए आवश्यक है कि नगरीय क्षेत्र में सीवर लाईन तथा पेयजल पाईप लाईन की नियमित चेंकिग की जाए तथा यदि कहीं पर सीवर अथवा पेयजल पाईप लाईन में ब्रेकेज अथवा लीकेज पाई जाती है तो उसे तत्काल सही कराया जाए। जलापूर्ति से सम्बन्धित पानी की टंकियों की नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित किया जाए, जिससे आम जनमानस को गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने से संबंधित आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रही थीं उन्होंने कहा कि जनमानस को अनवरत स्वचछ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए पेयजल व्यवस्था से जुडे नलकूप, हैण्डपम्प, पाईप लाईन, टंकी एवं अन्य उपकरणों का संचालन इस तरह सुनिश्चित कराया जाए कि पेयजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि उपभोक्ता द्वारा उपयोग प्वाइंट पर जल के नमूने एकत्र कर उनका नियमित रूप से ओ०टी० परीक्षण किये जाने तथा नमूनों का बायरोलॉजिकल, बैक्टीरि योजॉजिकल एवं कैमिकल एनालिसिस भी किया जाए। इसके अतिरिक्त पुरानी पाइप लाइन को बदलने की कार्यवाही प्राथमिकता पर कराने एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति के सम्बन्ध में अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# ओवरलोड ट्रक जब्त प्रशासन की सख्ती से मचा हड़कंप

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद** बिजनौर नहटौर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नायब तहसीलदार राजकमल की अगुवाई में नूरपुर रोड पर जिओ पेट्रोल पंप के निकट बजरपुर से भरा एक ओवरलोड ट्रक पकड़ा गया जांच में ट्रक निर्धारित भार क्षमता से काफी अधिक लदा हुआ पाया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त कर थाना नहटौर के सुपुर्द कर दिया। कार्रवाई के समय नायब तहसीलदार स्योहारा विजय कुमार, नायब तहसीलदार धामपुर कपिल आजाद तथा लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन की इस अचानक कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध परिवहन करने वालों में हड़कंप मच गया है। नायब तहसीलदार राजकमल ने बताया कि ओवरलोड वाहन सड़कों की स्थिति बिगाड़ने के साथ-साथ दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनते हैं। इससे आम जनता की जान-माल को खतरा रहता है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## मोबाइल की दुकान में लगी आग लाखों का नुकसान



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित मोबाइल की दुकान में अचानक भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। सूचना के काफी देर बाद पहुंची अग्निशमन टीम काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन टीम के देर से पहुंचने पर लोगों में रोश व्याप्त रहा। मोबाइल की दुकान में लगी आग से लाखों रुपए के मोबाइल व सारा सामान जल कर राख हो गया। दुकान स्वामी के मुताबिक आग लगने से उसका 20 से 25 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। नजीबाबाद के स्टेशन मार्ग पर स्टेट बैंक के निकट सिटी मोबाइल की दुकान में रात्रि लगभग 9 बजे बंद दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। हालाकि लोगों ने पुलिस एवं अग्निशमन टीम को सूचना देते हुए खुद ही आग बुझाने के प्रयास किया लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि आग को बुझाना काफी मुश्किल था. अग्निशमन प्रभारी केएस जादौन टीम के साथ मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पाया दुकान स्वामी शाह फैज निवासी कल्हैडी ने बताया कि वह अपनी दुकान लगभग 8 बजे बंद कर के गया था, घर पहुंचने के थोड़ी देर बाद ही उसको आग लगने की सूचना मिल गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड पहुंची तब तक आग अपना काम कर चुकी थी। मौके सराय चैकी प्रभारी सौरभ सिंह, हेड का. नेत्र पाल राठी अपनी टीम के साथ पहुंचे और आस पास की दुकानों को जद में आने से बचाया। आग क्यों और कैसे लगी इसका पता नहीं चल पा सका है।

# हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के कार्यकर्याओं ने जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी अयोध्या धाम के महंत परम पूज्य राजू दास महाराज जी के निदेर्शानुसार जनपद बिजनौर कार्यकारिणी के द्वारा बांग्लादेश में लगातार हो रही हिंदुओं की निर्मम हत्याओं, लूट, बलात्कार जैसी घटनाओं के विरोध में नुमाइश ग्राउंड बिजनौर में एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहाँ बांग्लादेश और यूनुस खान का पुतला दहन करने के उपरांत माननीय राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन प्रदेश संगठन महामंत्री अवधेश शर्मा के नेतृत्व में जिलाधिकारी महोदया बिजनौर को दिया गया। ज्ञापन देने वालों में अंकुर गिरी, राकेश सैनी, मनोज चौहान, टिंकू विश्वकर्मा, रोहित चौधरी, हेमेंद्र धीमान. मीनाक्षी चौधरी, उमेश चौहान. सोनू तोमर. शिवा. रतीराम. राहुल. शिवम. लवी गिरी. आदित्य. अरुण कुमार. यश कुमार. टीकम सिंह फौजी. डॉ रामेंद्र सिंह. नंदलाल जी. सौरभ. धर्मपाल. धर्मेंद्र. प्रशांत. वंश. शगुन. महिपाल चौधरी. अंशुल आर्य.सोनू कुमार. संदीप कुमार. आशीष जी राजीव, शेर सिंह. राजवीर. सन्नी. अनमोल.सुमित. तुषार. नितिन. पुनीत.विवेक आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आगरा में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की ड्राफ्ट सूची जारी



**आगरा से संवाददाता मयूर खान**

आगरा में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की ड्राफ्ट सूची जारी कर दी गई है। आप अपने नाम की जांच आगरा की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों, निर्वाचक रिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में कर सकते हैं।

# बीमा के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले 4 युवक गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता




**बरेली।** बीमा (इंश्योरेंस) के नाम पर लोगों से ऑनलाइन ठगी करने वाले चार शातिर साइबर ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों के पास से 54 हजार रुपये नकद, कई बैंकों के एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, टैबलेट, मोबाइल फोन समेत ठगी में प्रयुक्त सामग्री बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार थाना भूता क्षेत्र के गांव केसरपुरा स्थित साप्ताहिक बाजार के खाली मैदान में संदिग्ध अवस्था में एक कार में बैठे चार युवकों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान मोहम्मद नबी पुत्र नौसे बक्स, मोहम्मद अकरम पुत्र उस्मान, आसिफ पुत्र अलाबख्श (निवासी केसरपुर, थाना भूता) तथा फरमान पुत्र मदार्ना खान (निवासी गांव धन्तिया, थाना फतेहगंज पश्चिमी) के रूप में बताई। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से एक टैबलेट, पांच एटीएम कार्ड (अलग-अलग बैंकों के), एक पैन कार्ड, कार चालान की स्लिप, एक विजिटिंग कार्ड, 54 हजार रुपये नकद बरामद किए।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी मोबाइल फोन के माध्यम से लोगों को कॉल कर इंश्योरेंस से जुड़ी जानकारी देने का झांसा देते थे। इसके बाद फर्जी तरीके से ऑनलाइन भुगतान कराकर धोखाधड़ी से रुपये हड़प लेते थे।

ठगी की रकम को आरोपियों द्वारा अलग-अलग बैंकों में ट्रांसफर किया जाता था, जिसके लिए उन्होंने फर्जी दस्तावेजों से बैंक खाते खुलवा रखे थे। पुलिस ने बताया कि बरामद नकदी और बैंक कार्ड ठगी से अर्जित धन से संबंधित हैं। पुलिस ने चारों अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में पुलिस जांच आगे बढ़ा रही है।

## 55 वर्षीय महिला की ट्रक के नीचे आने से हुई दर्दनाक मौत

**डिबाई/बुलंदशह।** डिबाई नगर क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 55 वर्षीय महिला की ट्रक के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतका के पति कल्लू खान निवासी बैलोंन अपनी पत्नी सायरा को दिखाने के लिए स्कूटी से भीमपुर दोराहा स्थित अस्पताल जा रहे थे। महादेव चौराहे से पहले स्कूटी का हैंडल अचानक एक ट्रक से टकरा गया, जिससे स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और महिला ट्रक के नीचे आ गई। हादसा इतना भीषण था कि महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर डिबाई पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाही शुरू की। हादसे में शामिल ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। इस हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और परिवार में शोक की लहर व्याप्त है।

# कठानी गाँव में झूलते बिजली के तार दे रहे हादसे को न्यौता

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** जिले में ऊर्जा निगम को जिला प्रशासन द्वारा विद्युत लाइनें दुरुस्त करने हेतु सभी क्षेत्रों में विद्युत लाइनों को नुकसान से बचाने और किसी प्रकार से करेंट फैलने से रोकने हेतु विद्युत लाइनों से चिपके पेड़ों की टहनियों का पातन कर विद्युत लाइनों को दुरुस्त करने के निर्देश के बाद भी ऊर्जा निगम जिलाधिकारी के निदेशों को हवा हवाई ले रहा है।आए दिन ऊर्जा निगम पर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोल्टेज और विद्युत लाइन में पेड़ो से लटकी विद्युत लाइन से कभी भी करेंट लगने की शिकायतें आती है।जिस पर व्यवस्था ठीक करने के आदेश के बाद भी कठानी गांव में खतरे का सबब बने विजली के झूलते तारों से लगता है ऊर्जा निगम को कभी कोई हादसा होने के बाद ही झूलते तारों को ठीक करने का इंतजार होगा। ग्रामीण प्रताप सिंह, रूप सिंह, बालम सिंह, योगेंद्र मेहता, जानकी देवी, लीला देवी, सरस्वती देवी, विमला देवी आदि जिलाधिकारी से शीघ्र झूलते विद्युत लाइन को ठीक कराने की मांग की है।

वही मामले में ऊर्जा निगम के ईई मोहम्मद उस्मान को झूलते विद्युत लाइन और पेड़ से लटके पोल का वीडियो और फोटो भेजने के बाद उनसे सवाल पूछने पर उन्होंने लाइन ठीक कराए जाने के बजाय एसडीओ को मामले से अवगत कराएं जाने की बात कही। जिसके बाद विभागीय एसडीओ द्वारा जल्द विद्युत लाइन को ठीक करने की बात कही गई।

## सार संक्षेप

# बार एसोसिएशन मथुरा ने एडवोकेट पवन कौशिक को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित




**मथुरा/गोवर्धन।** बार एसोसिएशन मथुरा के सचिव एडवोकेट शिव कुमार एवं एडवोकेट राघवेन्द्र सिंह ने विशेष कार्यकारिणी के तहत एडवोकेट पवन कौशिक को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें बार एसोसिएशन के प्रति सक्रिय सहभागिता, विधिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान तथा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए दिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि एडवोकेट पवन कौशिक एक कर्मठ अधिवक्ता होने के साथ-साथ धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे गोवर्धन स्थित दानघाटी मंदिर के सेवायत के रूप में लंबे समय से सेवाएं दे रहे हैं, जिससे धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूती मिली है। सम्मान मिलने पर एडवोकेट पवन कौशिक ने बार एसोसिएशन मथुरा के पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि यह प्रशस्ति पत्र उन्हें आगे भी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा देगा। कार्यक्रम में अधिवक्तागण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा शैक्षणिक सत्र - 2026-27 को लेकर हुई बैठक

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ मुख्यमंत्री के स्वप्न के परिप्रेक्ष्य में स्थापित अटल आवासीय विद्यालय ग्राम कौन्दु तहसील सिकन्दराबाद जनपद बुलंदशहर के शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा-6 एवं कक्षा-9 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांक 22.02.2026 को आयोजित किये जाने के उद्देश्य से आयुक्त/अध्यक्ष मेरठ मण्डल, मेरठ की अध्यक्षता में प्रवेश परीक्षा से संबंधित बैठक बुधवार को समय अपराह्न 3.00 बजे आयोजित की गयी। बैठक का संचालन अनुराग मिश्रा, उप श्रमायुक्त, गाजियाबाद क्षेत्र, गाजियाबाद द्वारा किया गया। आयुक्त ?द्वारा बैठक के माध्यम से सभी मुख्य विकास अधिकारियों को यह निर्देशित किया गया कि वह अपने नेतृत्व में अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा हेतु पात्र पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को कक्षा-6 एवं कक्षा-9 में प्रवेश हेतु पात्र (बालक/बालिकाओं) के शत-प्रतिशत आवेदन कराया जाना सुनिश्चित करें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** एकता तिराहे के निकट एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


प्राप्त जानकारी के अनुसार, जीतू (27) पुत्र गणेश बघेल निवासी बघेल मोहल्ला दसविसा, गोवर्धन देर शाम घायल अवस्था में पड़ा मिला। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गणेश बघेल ने आरोप लगाया है कि चार युवकों ने उनके बेटे जीतू की हत्या कर शव को फेंक दिया।

मृतक के पिता गणेश बघेल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गोवर्धन के ही रहने वाले चार लोग उनके बेटे जीतू को मथुरा जाने की बात कहकर अपने साथ ले गए थे। उनके छोटे बेटे नितिन ने जब जीतू को फोन किया, तो जीतू ने थोड़ी देर में आने की बात कही थी। मृतक के छोटे भाई नितिन ने बताया- मेरे भाई को कस्बे के ही कुछ लोग बुलाकर ले गए थे। उन्होंने साजिश के तहत उसे शराब पिलाई और मार डाला। हम चाहते हैं कि पुलिस दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे।

सूचना मिलने पर गोवर्धन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हत्या के आरोपों की गहनता से जांच कर रही है। गोवर्धन थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। साथ ही संदिग्धों से पूछताछ की तैयारी की जा रही है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने सेवा सहयोग के रूप में मनाया जन्मदिन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने अपने जन्मदिन को सेवा, सहयोग और गरीब असहायों की मदद करके मनाया। उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी आंगुतकों को नववर्ष और मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामना देते हुए संदेश दिया कि उत्सव का सच्चा अर्थ समाज के कमजोर वर्ग की सहायता में निहित है।

मंगलवार को केएम विश्वविद्यालय सहित अन्य दर्जनों स्थानों पर जिला पंचायत अध्यक्ष के शुभचिंतकों ने जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष का दर्जनों गांवों से आए ग्राम प्रधानों, कई गांवों की सरदारी ने फूल माला सहित पगड़ी बांधकर और श्रीराधाकृष्ण की तस्वीर भेंटकर जन्मदिन की शुभकामना दी एवं बुजुर्गों ने उन्हें दीघार्यु का आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा केक काटकर सभी क्षेत्रवासियों से कहा आपका विश्वास, सहयोग और मार्गदर्शन ही मुझे जनसेवा के दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ करने की निरंतर प्रेरणा देता है। आप सभी को विश्वास दिलाता हूँ कि आपके स्नेह और सहयोग से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं जनकल्याण हेतु सदैव प्रतिबद्ध रहूँगा।

उन्होंने आगे कहा ब्रजक्षेत्र के लिए विकास करता रहूंगा और क्षेत्र के गरीब परिवारों की बेटियां अब शिक्षा से वंचित नहीं रहेगी जिसके लिए केएम विश्वविद्यालय खुला हुआ है और गरीब परिवार, बुजुर्गों के लिए भी चिकित्सा की व्यवस्था यहां है, मुझे जो सेवा करने का मौका गिरिराज महाराज श्री राधारानी ने दिया है उसका निर्वहन करता रहूंगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने इस दौरान गरीब और असहाय लोगों को गर्म कंबल वितरित किया एवं केएम विश्वविद्यालय के प्रांगण में विशाल भण्डारे का आयोजन करवाया।

## कड़ाके की ठंड और शीतलहर में अलाव बना आमजन का सहारा

**जहांगीराबाद।** उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड और पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। न्यूनतम तापमान में लगातार आ रही गिरावट और सुबह-शाम की शीतलहर के कारण लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। ऐसे में ठिठुरन भरी इस सर्दी से बचने के लिए अब अलाव ही लोगों का सबसे बड़ा सहारा बनकर उभरा है। ?शहर हो या गाँव सुबह से शाम ढलते ही सार्वजनिक स्थानों, बस अड्डों और नुक्कड़ों पर अलाव जलते देखे जा सकते हैं। लोग लकड़ियाँ, पुराने टायर और गत्ते इकट्ठा कर आग जला रहे हैं, ताकि शरीर को कुछ गर्माहट मिल सके। कड़ाके की इस ठंड में सबसे ज्यादा परेशानी उन दिहाड़ी मजदूरों और रिक्शा चालकों को हो रही है, जिन्हें पेट भरने के लिए कड़ाके की ठंड में भी बाहर निकलना पड़ रहा है।

# यूपीएचसी सीबीगंज में विटामिन-ए एवं आयरन सिरप पिलाया गया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** यूपीएचसी सीबीगंज में यूपीएचसी सीबीगंज में कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को विटामिन-ए एवं आयरन सिरप पिलाया गया। यह विटामिन-ए कार्यक्रम 27 दिसंबर से प्रारंभ होकर एक माह तक संचालित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम वर्ष में दो बार आयोजित होता है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को यूपीएचसी सीबीगंज क्षेत्र के इंदिरा नगर में यह गतिविधि संपन्न हुई। इसके साथ ही यह अभियान अन्य क्षेत्रों में भी निरंतर चल रहा है।

इस अवसर पर सर्वप्रथम अनिल कुमार एडवोकेट, जो डॉ. अरुण कुमार (माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री) के प्रतिनिधि हैं, ने अपने हाथों से बच्चों को विटामिन-ए एवं आयरन सिरप पिलाया। उनके साथ सोमेश्वर प्रसाद शुक्ला (मंडल महामंत्री), ज्ञान प्रकाश लोधी (जिला प्रतिनिधि), अजय मौर्य (मंडल अध्यक्ष) एवं डॉ. मधु गुप्ता ने भी बच्चों को सिरप पिलाया। इस कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों का नियमित टीकाकरण सुनिश्चित कराने की अपील की। डॉ. मधु गुप्ता ने बताया कि विटामिन-ए एवं आयरन सिरप बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है तथा कुपोषण से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यूपीएचसी स्टाफ मन्मोहन सरस्वती एवं राखी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग का अन्य स्टाफ एवं स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

# यूपी के इन जिलों में पासपोर्ट अपॉइंटमेंट की महीनों की वेटिंग

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** विदेश जाने के बढ़ते क्रेज ने पासपोर्ट सिस्टम पर जबरदस्त दबाव डाल दिया है। हालात यह हो गए हैं कि पासपोर्ट बनवाने के लिए एक से दो महीने बाद के अप्वाइंटमेंट मिल पा रहे हैं। लगातार बढ़ती भीड़ और आवेदकों की परेशानी को देखते हुए क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बड़ा फैसला लिया है। अब माह के द्वितीय शनिवार (10 जनवरी) को अवकाश के बावजूद विशेष अभियान चलाकर 1,400 आवेदकों के पासपोर्ट आवेदन निपटाए जाएंगे। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि 10 जनवरी को पासपोर्ट सेवा केंद्र बरेली समेत सभी पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र (ढडढरड) खुले रहेंगे। कार्यप्रणाली सामान्य दिनों की तरह रहेगी और पहले से जारी 1,400 ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट पर आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। केंद्र सरकार की पासपोर्ट आपके द्वार योजना के तहत डाकघरों में पासपोर्ट सेवा केंद्र खोलने और कई जिलों में पासपोर्ट मोबाइल वैन की सुविधा शुरू की गई है। इसके बावजूद पासपोर्ट बनवाने वालों की संख्या दोगुनी से ज्यादा हो चुकी है, जिस कारण अप्वाइंटमेंट का दबाव लगातार बढ़ रहा है।

10 जनवरी के विशेष अभियान के तहत विभिन्न केंद्रों पर यह अप्वाइंटमेंट जारी किए गए हैं–
पासपोर्ट सेवा केंद्र बरेलीः
800पीओपीएसके बिजनौरः
90पीओपीएसके मुरादाबादः
90पीओपीएसके पीलीभीतः
90पीओपीएसके रामपुरः
90पीओपीएसके नगीनाः
90पीओपीएसके अमरोहाः
50पीओपीएसके बदायूंः
50पीओपीएसके शाहजहांपुरः
50सभी अप्वाइंटमेंट पासपोर्ट सेवा की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं।

आवेदकों को राहत देने के लिए विभाग ने प्रतिदिन 100 अतिरिक्त ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट भी बढ़ा दिए हैं। पासपोर्ट बनवाने के इच्छुक लोग समय रहते ऑनलाइन बुकिंग कराकर सेवा का लाभ उठा सकते हैं। इसके साथ ही जिलों में मोबाइल पासपोर्ट वैन के जरिए भी आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं।

# सांसद खेल स्पर्धा का समापन, सांसद हेमा मालिनी ने विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** उ०प्र० शासन, जिला प्रशासन, खेल विभाग एवं युवा कल्याण विभाग मथुरा के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम गणेशरा मथुरा में दिनांक 6 व 7 जनवरी, 2026 तक जिला स्तरीय मा० सांसद खेल स्पर्धा एथलेटिक्स, कबडडी, कुश्ती, वालीबाल, फुटवाल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया।

उक्त खेलों में जिले की 05 विधानसभाओं के विजेता महिला, पुरुष, बालक, बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उक्त खेल प्रतियोगिताओं का समापन दिनांक 7 जनवरी 2026 को संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्रीमती हेमा मालिनी जी के कर कमलों द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जर्नादन शर्मा, उपनिदेशक युवा कल्याण विभाग आगरा विवेक चन्द श्रीवास्तव, सांसद खेल स्पर्धा के संयोजक ज्ञानेन्द्र राणा, जिला युवा कल्याण अधिकारी पी०एस० गौतम एवं परियोजना अधिकारी नेडा सन्तोष कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

मा० सांसद खेल स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता एवं उपविजेता खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया हैं। उक्त प्रतियोगिता के स्वागत समारोह में जिला क्रीड़ा अधिकारी राकेश कुमार यादव एवं समस्त जिला खेल कार्यालय मथुरा का स्टाफ, सभी अंशकालिक प्रशिक्षक, माध्यमिक के समस्त खेल अध्यापक, बेसिक शिक्षा विभाग के समस्त व्यायाम प्रशिक्षक एवं खेल पी०टी०आई० आदि उपस्थित रहे।

# बरेली बार चुनाव में घमासान के बीच मनोज हरित फिर बने अध्यक्ष, दीपक पांडे सचिव

वेलकम इंडिया/चरन सिंह





**बरेली।** बरेली बार एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव की मतगणना मंगलवार को कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच कराई गई, लेकिन गहमा-गहमी, हंगामे और हाथापाई के चलते माहौल कई बार तनावपूर्ण हो गया। देर रात आए नतीजों में अध्यक्ष पद पर मनोज कुमार हरित ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की, जबकि सचिव पद पर विवाद के कारण मतगणना रोक दी गई, जो अब बुधवार को कराई गई। दीपक पांडे को सचिव पद से जीत मिली। मतगणना पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होते ही बार सभागार अखाड़े में तब्दील नजर आया। दोपहर दो बजे के बाद नतीजे आने शुरू हुए, लेकिन कई पदों पर रीकाउंटिंग की मांग को लेकर हंगामा होता रहा। रात 11 बजे के बाद अध्यक्ष पद का परिणाम घोषित किया गया। अध्यक्ष पद पर मनोज कुमार हरित ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी ज्वाला प्रसाद गंगवार को 123 मतों से पराजित किया। जीत की घोषणा के साथ समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजीव जयपति ने बताया कि सचिव पद पर दीपक पांडेय और गौरव सिंह राठौर के बीच मुकाबला है। दोनों प्रत्याशियों की आपत्ति के चलते मतगणना रोक दी गई और अब बुधवार को दोबारा मतगणना कराई जाएगी।

संयुक्त सचिव (पुस्तकालय): सौरभ अग्निहोत्री (19 मतों से जीत), प्रबंध कार्यकारिणी वरिष्ठः दीप्ती सक्सेना (938 वोट) मतगणना के दौरान कई बार माहौल बिगड़ा और हाथापाई की नौबत आ गई। फर्जी वोटिंग और रीकाउंटिंग की मांग को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। शाम छह बजे के बाद स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। एक निवर्तमान पदाधिकारी के भतीजे द्वारा एक अधिवक्ता को थप्पड़ मारने की घटना भी सामने आई। हालात संभालने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करना पड़ा। बार एसोसिएशन चुनाव में कुल 80 अधिवक्ताओं ने विभिन्न पदों के लिए किस्मत आजमाई। बार में पंजीकृत 2736 अधिवक्ताओं में से 2428 ने मतदान किया।

- **वरिष्ठ उपाध्यक्ष :** जयपाल सिंह (21 मतों से जीत)
- **उपाध्यक्ष :** हुलासी राम गंगवार (565 वोट, 50 मतों से जीत)
- **कनिष्ठ उपाध्यक्ष :** रजत मोहन (1029 वोट, 544 मतों से रिकॉर्ड जीत)
- **संयुक्त सचिव (प्रकाशन) :** शांतनु मिश्रा (881 वोट, 462 मतों से जीत)
- **संयुक्त सचिव (प्रशासन) :** रोहित कुमार (568 वोट)
- **कोषाध्यक्ष :** धर्मवीर सिंह (717 वोट)

# भारतीय किसान लोक शक्ति ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** भारतीय किसान लोक शक्ति (किसान यूनियन) द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में माननीय मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी मथुरा को सौंपा गया। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि लोक शक्ति किसान यूनियन समय-समय पर किसानों की समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन व ज्ञापन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करती रही है।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से यमुना एक्सप्रेस-वे से प्रभावित किसानों के आवासीय प्लॉट, अतिरिक्त मुआवजा एवं अवलंब राशि का शीघ्र वितरण किए जाने की मांग की गई। साथ ही नए भूमि अधिग्रहण प्रावधानों के अनुरूप प्रभावित परिवारों को 20 प्रतिशत विकसित भूमि समय से उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई। इसके अलावा गौतम बुद्ध नगर व अन्य सभी जिलों के सर्किल रेट बढ़ाने, गौतम बुद्ध नगर के तीनों प्राधिकरणों में किसानों को 10 प्रतिशत आवासीय भूखंड देने, आबादियों का निस्तारण कर बैकलीज व शिफ्टिंग कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। हमारी मांग है कि सरकार किसानों के साथ न्याय करे और मुआवजा, आवासीय भूखंड व विकसित भूमि जैसी मांगों का शीघ्र समाधान करे, ताकि किसान सम्मान के साथ जीवन यापन कर सके।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, युवा जिला अध्यक्ष मुकुल शर्मा, जिला प्रचार मंत्री विवेक नोहवार, मंडल महामंत्री कुमारपाल फौजी सहित बड़ी संख्या में किसान व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गुलमोहर में दूषित पानी की शिकायत जिलाधिकारी से की

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में एक बार फिर दूषित पानी का मुद्दा गरमा गया है। दूषित पानी के कारण जब से इंदौर में लोगों की मौत हुई है तब से गुलमोहर निवासियों को भी अपने सेहत की चिंता सताने लगी है। वहीं एक स्थानीय निवासी की माताजी जब उससे मिलने आईं तो वह भी यहां का पानी पीने के कारण बीमार हो गईं और वापस अपने घर लौट गईं। इससे व्यथित उस व्यक्ति ने जिलाधिकारी, नगर निगम, मुख्यमंत्री और आरडब्लूए से शिकायत कर स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने की मांग की है। बुधवार को गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी निवासी गौरव बंसल ने जिलाधिकारी कार्यालय में एडीएम वित्त सौरभ भट्ट को लिखित शिकायती पत्र देकर सोसायटी में दूषित पानी की शिकायत की है।

# रुदौली में धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण, किसानों के हितों पर विधायक

वेलकम इंडिया/फतेह खान



**रुदौली, अयोध्या।** रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने मंगलवार को क्षेत्र स्थित धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर मौजूद किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और खरीद प्रक्रिया की पारदर्शिता को परखा।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने धान की तौल, गुणवत्ता जांच और खरीद से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को बारीकी से देखा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि तौल में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसानों के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होना चाहिए।

विधायक ने अधिकारियों से भुगतान व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली और कहा कि किसानों को उनके धान का भुगतान तय समय सीमा के भीतर हर हाल में मिलना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई गई तो संबंधित कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसानों से बातचीत के दौरान विधायक रामचंद्र यादव ने भरोसा दिलाया कि सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह गंभीर है और किसी भी कीमत पर उनके अधिकारों से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धान खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और किसान हितैषी होनी चाहिए, ताकि मेहनतकश अन्नदाता को उसका पूरा हक समय पर मिल सके। निरीक्षण के बाद अधिकारियों को व्यवस्थाएं और अधिक दुरुस्त करने तथा किसानों की सुविधा को सर्वोपरि रखने के निर्देश दिए गए।

## आम व्यापारी जन सशक्त बनाओं सम्मेलन में व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर दिलाया शपथ, किया गया सम्मान



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** भारतीय औद्योगिक व्यापार एसोसिएशन वाराणसी द्वारा अयोजित आम व्यापारी जन सशक्त बनाओं सम्मेलन व शपथ ग्रहण समारोह दुगार्कुण्ड स्थित हनुमान प्रसाद पोद्दार स्मृति सेवा ट्रस्ट में किया गया आयोजन ` कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना के साथ किया गया` वाराणसी के कई विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों को भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से दी जानकारी कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ राजेश प्रसाद सीएमओ वाराणसी, राम कुमार कुरील मुख्य विकास अधिकारी एसी हथकरघा सहित इत्यादि कई विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहें` उक्त अवसर पर भारतीय औद्योगिक व्यापार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजीत केसरी ने कहा कि भारत के व्यापारियों के उत्थान हेतु सदैव कार्य करते रहेंगे और जहां भी समस्याएं आएंगी उनका समाधान करेंगे ` व्यापारी शपथ ग्रहण समारोह में मदनलाल गुप्ता को जिलाध्यक्ष, नंदलाल गुप्ता को वार्ड अध्यक्ष विकासपुर, पवन अग्रवाल को जिला मंत्री, रामदास गुप्ता को जिला प्रवक्ता आदि रहे।

# आपातकालीन स्थितियों में जीवन बचाने का वृहद प्रशिक्षण शिविर आयोजित

वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी



**भदोही औराई।** स्थानीय केशव प्रसाद राल्ही पी.जी. कॉलेज, औराई में शासन की मंशानुसार स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक वृहद 'बेसिक ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट ) एवं फर्स्ट रिस्पॉन्डर' प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया । 07 जनवरी को महाविद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में चिकित्सा जगत के विशेषज्ञ छात्र-छात्राओं को 'गोल्डन ऑवर' (दुर्घटना के बाद का पहला एक घंटा) में जीवन बचाने की बारीकियां सिखाया ।

?विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक डॉ. महेंद्र प्रताप और डॉ. सदन कन्नौजिया अपनी टीम (अमन शेख एवं आशीष गुप्ता) के साथ उपस्थित रहें। इस सत्र के दौरान हृदय गति रुकने भारी रक्तस्त्राव, फ्रैक्चर और सड़क दुर्घटनाओं जैसी स्थितियों में दी जाने वाली तात्कालिक सहायता का लाइव डेमो दिया गया। छात्र-छात्राओं को एम्बुलेंस आने से पहले एक सामान्य नागरिक कैसे 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' बनकर किसी की जान बचा सकता है। ?प्राचार्य का संदेश: समाज के प्रति जिम्मेदारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक त्रिपाठी ने कार्यक्रम की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए बताया कि, ₹शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। सामाजिक उत्तरदायित्व निभाना भी शिक्षा का अभिन्न अंग है। वर्तमान समय में जिस प्रकार सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं, ऐसे में प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान होना हर युवा के लिए अनिवार्य है। यह प्रशिक्षण हमारे विद्यार्थियों को आत्मविश्वास से लबरेज करेगा ताकि वे विपरीत परिस्थितियों में घबराने के बजाय मदद के लिए आगे आएं।₹ ?मुख्य आकर्षण: ?लाइव डेमो: सीपीआर और चोकिंग (दम घुटने) जैसी स्थितियों से निपटने का प्रयोगात्मक प्रदर्शन। इमरजेंसी किट: घर और वाहन में रखी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा किट की जानकारी। ?प्रश्नोत्तरी सत्र: विशेषज्ञों द्वारा छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं और भ्रांतियों का समाधान किया गया। शासन के कड़े निर्देशों के अनुपालन में आयोजित इस सत्र में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ सहित सभी छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रशासन का मानना है कि यहाँ से प्रशिक्षित होकर निकलने वाला हर विद्यार्थी समाज के लिए एक 'जीवन रक्षक' की भूमिका निभाएगा।

## पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की जमानत अर्जी पर सुनवाई फिर टली

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** चौक थाने में दर्ज एक मामले में आजाद सेना के अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की जमानत अर्जी पर सुनवाई एक बार फिर टल गई` जिला जज संजीव शुक्ला की अदालत में जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान वादी के अधिवक्ता विजय प्रताप सिंह ने उपस्थित होकर वकालतनामा दाखिल कर जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिए जाने का कोर्ट से अनुरोध किया जिस पर अमिताभ ठाकुर के अधिवक्ता अनुज यादव ने विरोध करते हुए समय दिए जाने पर आपत्ति की अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद वादी के अधिवक्ता को केवल एक दिन का समय प्रदान करते हुए जमानत अर्जी पर सुनवाई करने के लिए अगली तिथि नौ जनवरी नियत कर दी बता दें कि बड़ी पियरी निवासी हिन्दू युवा वाहिनी के नेता एवं वीडीए के मानद सदस्य अम्बरीष सिंह भोला ने चौक थाने में बीते नौ दिसम्बर को मुकदमा दर्ज कराया था` आरोप था कि बीते 30 नवंबर को अमिताभ ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन पर आपराधिक मामलों में संलिप्त होने के झूठे आरोप लगाए गए साथ ही बहुचर्चित कफ सिरप मामले में बिना किसी साक्ष्य के उनकी संलिप्तता बताते हुए अर्नगल आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर भ्रामक व गलत खबर प्रचारित किया है जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को गंभीर आघात पहुंचा।

# अमसरकोट बिजोरी क्षेत्र में अवैध खनन होने से ग्रामीणों में रोष

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** अमसरकोट क्षेत्र में सड़क मेंडोबा धारी मोटर मार्ग में सड़क कार्य के नाम पर वन पंचायत भूमि से किसी दूसरे क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य हेतु जेसीबी मशीन से पत्थरों और बड़े बोल्डरों को अन्यत्र स्थान पर ले जाने से ग्रामीणों में रोष है ।ग्रामीणों ने बिजोरी गांव के आसपास सड़क किनारे कई जगहों से पत्थरों को निकाले जाने से भूस्खलन होने का अंदेशा जताते हुए लगातार मनमाने तरीके से खनन क्षेत्र की भूमि को वन पंचायत क्षेत्र में बताते हुए बिना वन पंचायत की स्वीकृति और अन्य ग्रामीणों की स्वीकृति लिए बगैर के अन्यत्र स्थान तक पत्थरों को ले जाने पर नाराजगी जताते हुए जांच की मांग की है ।ऐसे में ग्रामीणों के विरोध के बाद ग्रामीणों को ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण हेतु खनन सामग्री बोल्डर और पत्थरों को ले जाने की स्वीकृति दिए जाने की बात कही जा रही है ।ऐसे में लोगों द्वारा जिला प्रशासन द्वारा कैसे वन पंचायत भूमि और क्षेत्र में अन्य स्थान से दूसरे सड़क में निर्माण हेतु ठेकेदार को इसकी स्वीकृति दी गई है इसको लेकर ग्रामीणों ने सवालिया निशान उठाए हैं ।ग्रामीण सुंदर सिंह, राजेन्द्र सिंह आदि ने जिलाधिकारी से पूर्व में भी वषार्काल में ठेकेदार द्वारा खुलेआम सड़क में खनन कर पहाड़ी क्षेत्र से मशीनों को लगाकर खनन कर जेसीबी मशीनों से डंफरो और ट्रेक्टर द्वारा खनन सामग्री को धड़ल्ले से अन्यत्र ले जाने के आरोप लगाते हुए सड़क किनारे हुए अवैध खनन पर लगातार खनन सामाग्री निकाले जाने पर बिना ग्रामीणों की सहमति के बगैर जिला प्रशासन द्वारा खनन की अनुमति पर सवालिया निशान उठाए हैं ।वही सवाल उठाते हुए कैसे उच्च न्यायालय द्वारा मशीनों से खनन पर रोक के बावजूद धड़ल्ले से जिला प्रशासन और खनन विभाग से स्वीकृति पत्र की जांच को लेकर जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है उन्होने पत्थरो को ले जा रहे ठेकेदार पर बिना उस क्षेत्र में सड़क कार्य कराए बगैर ठेकेदार को स्वीकृति पत्र दिए जाने पर जांच और यदि नियमविरुद्ध खनन क्षेत्र में वन पंचायत भूमि पर किए जा रहे खनन पर जिला प्रशासन द्वारा स्वीकृति को लेकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है ।ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी ठेकेदार द्वारा धड़ल्ले से विभागीय अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर जेसीबी मशीनों से हजारों टन बोल्डर और पत्थरों को खुलेआम अन्यत्र ले जाने के आरोप लगाए।

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, सामान जलकर खाक

वेलकम इंडिया



**गरुड़।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक परचून की दुकान में आग लग गई। जिससे दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सूचना पर तहसील व पुलिस प्रशासन ने घटनास्थल पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया।

कोतवाली क्षेत्र के मटेना गांव में मंगलवार की रात ख्याली दत्त जोशी पुत्र स्व. ज्वाला दत्त जोशी की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। प्रभावित ख्याली दत्त जोशी ने बताया कि वे प्रतिदिन की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार की सुबह दुकान खोलने गए, तो शटर नहीं खुला। उन्होंने दुकान के पीछे वाले कमरे का दरवाजा खोला तो दुकान में आग लगी थी। जब तक वे कुछ समझ पाते सारा सामान जलकर खाक हो गया। परचून का सामान समेत फ्रीज, पंखा व दस हजार की नकदी भी आग की भेंट चढ़ गई। उन्होंने बताया कि उन्हें लगभग डेढ़ लाख का नुकसान हो गया है। गनीमत रही कि आग अगल-बगल के कमरों में नहीं फैली, अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही राजस्व उप निरीक्षक रघुवीर सिंह ने घटनास्थल का मौका-मुआयना किया। उन्होंने रिपोर्ट बनाकर तहसील प्रशासन को भेज दी है। जिपंस जनार्दन लोहुमी, क्षेपंस भगवती खुल्बे, ग्राम प्रधान नीमा जोशी, सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रशेखर बड़सीला, कैलाश खुल्बे, भाष्करानंद पांडे, संजय बड़सीला, दिनेश जोशी, फकीरा दत्त बिष्ट आदि ने बताया कि प्रभावित ख्याली दत्त की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। वे दुकान से ही अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने प्रशासन से प्रभावित को शीघ्र मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

## भाजपा जिला अध्यक्ष हरवीर पाल ने भड़ोली में की एसआईआर अभियान की समीक्षा

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को प्रदेश में 12.55 करोड़ मतदाताओं की ड्राफ्ट सूची जारी की गई, जिसमें 2.89 करोड़ नाम हटाए गए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा छह फरवरी तक दावे व आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं, जबकि अंतिम मतदाता सूची छह मार्च को प्रकाशित होगी।

इसी क्रम में मतदाता पुनरीक्षण अभियान को मजबूती देने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं की एक समीक्षा बैठक भड़ोली गांव में आयोजित की गई। बैठक भाजपा नेता देवेंद्र गुर्जर के आवास पर हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरवीर पाल ने की। उन्होंने कार्यकताओं से अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने और अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं को जोड़ने पर जोर दिया।

इससे पूर्व कस्बा शाहजहांपुर स्थित एफबी बैंक्विट हॉल में जिला अध्यक्ष हरवीर पाल का भाजपा पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में भाजपा नेता मुनाजिर खान एवं प्रवीन सैनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे ।बैठक में मंडल अध्यक्ष अनुज, महामंत्री अमित सैनी, मंडल उपाध्यक्ष तारिक खान, विक्रांत त्यागी, मुनाजिर खान, अखिल अग्रवाल, प्रवीन सैनी, तारा चंद, दानिश कस्सार समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्तरायणी मेले के भव्य आयोजन को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** उत्तरायणी मेला 2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में जिला सभागार में मेला प्रबंधन एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, अग्निशमन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल से मेले को ऐतिहासिक और भव्य बनाने हेतु मेला समिति और जिला प्रशासन द्वारा किए जाने वाली तैयारियों हेतु आवश्यक विन्दुओं पर चर्चा की ।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध रूप से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए ।जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तरायणी मेला जनपद की सांस्कृतिक पहचान है, ऐसे में मेला आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों की सुविधा एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने पेयजल, शौचालय, सफाई एवं लाइटिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि पानी एवं शौचालयों के लिए स्पष्ट एवं उपयुक्त साइनेज लगाए जाएं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो ।उन्होंने पार्किंग व्यवस्था को सिस्टेमेटिक एवं ऑर्गेनाइज्ड तरीके से संचालित करने, हेल्प डेस्क स्थापित करने, रेन बसेरों की समुचित व्यवस्था करने तथा पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को अपने-अपने कार्यों से संबंधित सेफ्टी सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि सेफ्टी एवं सिक्योरिटी से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सभी पुलों के किनारों पर कंटीले तार लगाने तथा पुलों पर भार वाहन क्षमता से संबंधित सूचना बोर्ड लगाने, नगर पालिका को महिलाओं के लिए पर्याप्त संख्या में शौचालयों की व्यवस्था करने एवं सरयू बगड़ में बड़े साइज का चेंजिंग रूम बनाए जाने के निर्देश दिए ।पुलिस विभाग को कानून व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ प्रबंधन करने तथा बाहर से आने वाले व्यक्तियों का सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ।बैठक में बताया गया कि कि मेले के प्रथम दिवस भव्य झांकियां निकाली जाएगी, साथ ही सम्पूर्ण यातायात व्यवस्था प्रतिबंधित की जाएगी, बताया कि झांकी तहसील परिसर से एसबीआई चौराहा होते हुए सरयू पुल के माध्यम से नुमाइश खेत तक निकाली जाएगी।

# खरमास के बाद नीतीश मंत्रिमंडल में इन नए चेहरों को किया जाएगा शामिल

वेलकम इंडिया /एहसान अंसारी



नई दिल्ली। अशुभ महीने के तौर पर खरमास माना जाता है. इस दौरान कोई भी शुभ काम नहीं किया जाता है. राजनीतिक दल इस महीने को काफी अहम मानते हैं और अपने सारे महत्वपूर्ण निर्णयों को खरमास के बाद ही मूर्त रूप देते हैं. 16 दिसंबर 2025 से शुरू हुआ खरमास 14 जनवरी 2026 तक है. यानी कि 15 जनवरी से खरमास खत्म होने के बाद शुभ कार्यों की शुरूआत होगी. ऐसे में 15 जनवरी के बाद बिहार में मंत्रिमंडल का विस्तार तय माना जा रहा है.

खरमास के बाद होगा नीतीश कैबिनेट का विस्तार !:बिहार विधानसभा चुनाव के बाद नीतीश मंत्रिमंडल में नीतीश कुमार के अलावा 26 मंत्री बनाए गए थे, लेकिन बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन का भी इस्तीफा हो गया है. ऐसे में अब 25 मंत्री ही रह गये हैं.खबरु से 6 और इखढ से 4 विधायकों को मिल सकती है जगह: बिहार विधानसभा में विधायकों की संख्या के हिसाब से मुख्यमंत्री सहित कुल 36 मंत्री बनाए जा सकते हैं. ऐसे में अभी 10 मंत्री और बनाए जा सकते हैं, जिसमें जदयू कोटे से 6 और भाजपा कोटे से चार मंत्री होंगे. चर्चाओं के अनुसार खरमास के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार होगा.

पुराने मंत्रियों और नए चेहरों को मौका:दिल्ली दौरे में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से भी इस संबंध में बातचीत की है. जदयू- बीजेपी अपने कुछ पुराने मंत्रियों को भी मंत्रिमंडल में फिर से जगह दे सकता है तो वहीं कुछ नए चेहरे देखने को भी मिलेंगे नीतीश कुमार की नजर दूसरे दलों पर भी है तो मंत्रिमंडल में कुछ नया देखने को भी मिल सकता है.10 और विधायकों को मिलेगा मौका: बिहार विधानसभा में कुल 243 विधायक हैं तो वहीं विधान परिषद में भी 75 सदस्य हैं, जिसमें से चार सदस्यों का स्थान रिक्त पड़ा है. विधानसभा चुनाव में एनडीए को 202 सीटों पर जीत मिली है. विधानसभा में विधायकों की संख्या के हिसाब से बिहार में 36 मंत्री बनाए जा सकते हैं. 10 और विधायकों को मिलेगा मौका: बिहार विधानसभा में कुल 243 विधायक हैं तो वहीं विधान परिषद में भी 75 सदस्य हैं, जिसमें से चार सदस्यों का स्थान रिक्त पड़ा है. विधानसभा चुनाव में एनडीए को 202 सीटों पर जीत मिली है. विधानसभा में विधायकों की संख्या के हिसाब से बिहार में 36 मंत्री बनाए जा सकते हैं.9 मंत्रियों का स्थान पहले से रिक्त:नीतीश कुमार जब 2024 में पाला बदलकर एनडीए में शामिल हुए थे. मंत्रिमंडल गठन और फिर जब विस्तार हुआ तब पहली बार मुख्यमंत्री सहित 36 मंत्री मंत्रिमंडल में थे. लेकिन इस बार एनडीए को मिली जबरदस्त जीत के बाद जब मंत्रिमंडल का गठन हुआ तो मुख्यमंत्री सहित 27 मंत्री बनाए गए. 9 मंत्रियों का स्थान रिक्त रखा गया था।

## मारपीट का वीडियो वायरल, चार के खिलाफ एनसीआर दर्ज

कांधला। थाना क्षेत्र के बिजली घर बस्ती निवासी युवक के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों के विरुद्ध एनसीआर दर्ज की है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।थाना क्षेत्र की नई बस्ती, बिजली घर मार्ग निवासी कासिम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान पड़ोस के चार लोगों ने उस पर डंडों से हमला कर मारपीट की। मारपीट की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर और वायरल वीडियो के आधार पर जांच करते हुए आरोपी साकिर, खालिद, फरमान व रिहान के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# सड़क हादसों में दो युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर





वेलकम इंडिया

कांधला। (मोहसिन रहमानी) थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची 108 एंबुलेंस सेवा की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।थाना क्षेत्र के गांव दुर्गनपुर खेड़ा निवासी धर्मेंद्र पुत्र मांगेराम बुधवार को बाइक से कैराना से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना के निकट पहुंचा, उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया।दूसरी और क्षेत्र के गांव किवाना के पास एक युवक बेहोशी की हालत में सड़क किनारे पड़ा मिला। आसपास के लोगों ने 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद होश में आने पर युवक ने अपना नाम अनुज पुत्र देवेंद्र निवासी ग्राम सिलना, जनपद बागपत बताया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों घायलों की हालत गंभीर अवस्था होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## छात्राओं ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान




कांधला। नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में एक जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बुधवार को छात्राओं द्वारा कस्बे की विभिन्न बस्तियों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्राओं ने लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया।छात्राओं ने बस्तीवासियों को सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने, गलत दिशा में वाहन न चलाने तथा लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, तेज गति से वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने एवं सड़क संकेतों पर विशेष ध्यान देने जैसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों की जानकारी दी।सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. श्याम बाबू के निर्देशन में किया गया।

## वायरल फोटो पर पुलिस की सख्त कार्रवाई, तमंचे सहित आरोपी गिरफ्तार



कांधला। तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हुई फोटो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद कर अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।थाना क्षेत्र सहित पूरे जनपद में इन दिनों अवैध हथियारों की सक्रियता बढ़ती नजर आ रही है। लगातार पुलिस द्वारा तमंचों के साथ बदमाशों की गिरफ्तारी की जा रही है। बीते दिनों शामली पुलिस द्वारा तमंचा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किए जाने के बाद से पुलिस और अधिक सतर्क हो गई है।कई दिनों पूर्व थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी अमरीश उर्फ सोयाब पुत्र जिंदा का तमंचा लेकर सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हुआ था। फोटो वायरल होने के बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी युवक तमंचा लेकर थाना क्षेत्र की पूर्वी यमुना नहर की पटरी की ओर जा रहा है।सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस अब तमंचा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति की तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि कानून को हाथ में लेने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। आरोपी के कब्जे से तमंचा बरामदकर जेल भेज दिया और बेचने वाले की तलाश की जा रही है।

## मंदिर गयी युवती को बहला फुसलाकर ले उड़ा उसका आशिक

औरंगाबाद/ बुलंदशहर। थाना क्षेत्र के एक गांव में शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने गयी एक युवती को बहला फुसलाकर उसका प्रेमी ले उड़ा। युवती के भाई की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। फिलहाल प्रेमी युगल का कोई सुराग नहीं लगा है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महेशपुर निवासी 19 वर्षीय एक युवती सोमवार की सुबह गांव के शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने गयी थी। तभी उसका प्रेमी आशीष गिरी उसे बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। युवती जब काफी देर तक घर वापस नहीं लौटी तो घर वालों ने उसे तलाश किया। जानकारी मिली कि उसे एक युवक अपने साथ भगा ले गया है। युवती के भाई की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी आशीष गिरी पुत्र ऋषि पाल गिरी निवासी गांव भविषा थाना कांधला जिला शामली के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रेमी युगल को तलाशा लेकिन प्रेमी युगल का कोई सुराग नहीं लगा है।

# रंजिश में युवक पर फायरिंग, यूपी पुलिस का सिपाही भी नामजद, आरोपी फरार

वेलकम इंडिया



कांधला। (मोहसिन रहमानी) थाना क्षेत्र के गांव इस्सौपुरटील में पुरानी रंजिश को लेकर एक पक्ष के लोगों ने एक युवक पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस गांव में पहुंची, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने यूपी पुलिस में तैनात एक सिपाही सहित चार लोगों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।गांव इस्सौपुरटील निवासी रतन की करीब दस वर्ष पूर्व यमुना नदी में डूबकर मौत हो गई थी।

रतन की मौत के बाद उसकी पत्नी मोनी ने गांव के ही रविंद्र पुत्र पाले राम से कोर्ट मैरिज कर ली थी। कोर्ट मैरिज के बाद से मोनी रविंद्र के साथ गांव में रह रही है।इसी बात को लेकर रतन के परिवार के फाले सिंह और उनके परिजनों की रविंद्र से रंजिश चल रही है।आरोप है कि मंगलवार देर शाम फाले सिंह के पुत्र ने रविंद्र के घर पर फायरिंग की थी। बुधवार को रविंद्र की पत्नी मोनी ने एसपी शामली से मिलकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत की थी।

पीड़ित का आरोप है कि इसी शिकायत से नाराज होकर फालेराम के पुत्र जोगिंदर ने यूपी पुलिस में तैनात सुरेंद्र व बृजेश पुत्र रामकुमार तथा पंकज पुत्र रवि के साथ मिलकर खेत पर काम कर रहे रविंद्र को घेर लिया। चारों ने एक राय होकर रविंद्र पर फायरिंग कर दी। किसी तरह जान बचाकर रविंद्र गांव पहुंचा और पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पुलिस ने गांव में पहुंचकर आरोपियों की तलाश में कांबिंग की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। पीड़ित ने चारों आरोपियों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि गांव इस्सौपुरटील में फायरिंग की सूचना प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रितिका चौधरी ने जूनियर नेशनल कबड्डी में बढ़ाया क्षेत्र का मान



वेलकम इंडिया

कांधला। (मोहसिन रहमानी) क्षेत्र के गांव भभीसा की होनहार कबड्डी खिलाड़ी रितिका चौधरी ने कोलकाता में आयोजित जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। रितिका के उत्कृष्ट खेल की बदौलत प्रदेश की टीम ने प्रतियोगिता में विजय हासिल की, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।प्रतियोगिता से लौटने पर किसान ढाबे पर क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने रितिका चौधरी का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार ने कहा कि क्षेत्र में कबड्डी की प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित प्रोत्साहन और सुविधाएं देने की है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं भी अपने समय में राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी रह चुके हैं।और कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के सहयोग से सांसद निधि द्वारा गांव कनियान में चौधरी अजित सिंह कबड्डी इंडोर कोर्ट का निर्माण कराया गया, जिसका सकारात्मक परिणाम रितिका चौधरी की इस उपलब्धि के रूप में सामने आया है। रितिका ने पूरे क्षेत्र का नाम प्रदेश और देश स्तर पर रोशन किया है।

# आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक महिलाओं-बच्चों समेत दर्जनों लोग घायल

वेलकम इंडिया



कांधला। (मोहसिन रहमानी) नगर व क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन आवारा कुत्तों के झुंड महिलाओं, पुरुषों और मासूम बच्चों पर हमला कर रहे हैं, जिससे आमजन में भय का माहौल बना हुआ है। सरकारी अस्पताल में बढ़ती मरीजों की भीड़ इस समस्या का ताजा उदाहरण है।

बुधवार को नगर के सरकारी अस्पताल में बड़ी संख्या में कुत्तों के काटने से घायल लोग उपचार के लिए पहुंचे। कस्बा निवासी आरोही, बाबू, मारू, महबूब, अरमान, आहद व आयशा के अलावा क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी सिद्धार्थ, चढ़ाव निवासी अभिराज, घसौली निवासी अशोक, अजीत व आशीष, आल्दी निवासी कुमकुम तथा जिडाना निवासी भूरा को आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया। सभी घायलों का अस्पताल में उपचार किया गया और उन्हें एंटी रेबीज के टीके लगाए गए।

घायलों का आरोप है कि नगर व क्षेत्र में दिन-दहाड़े आवारा कुत्ते बेखौफ होकर लोगों पर हमला कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी इस गंभीर समस्या की ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। रकारी अस्पताल में लगातार कुत्तों के काटने से घायल लोगों की भीड़ उमड़ रही है। चीफ फार्मासिस्ट सुधाकर प्रसाद का कहना है कि प्रतिदिन दर्जनों लोगों को एंटी रेबीज का टीका लगाया जा रहा है, साथ ही उन्हें आवारा जानवरों से दूरी बनाए रखने की सलाह भी दी जा रही है। लोगों ने नगर पालिका व प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए शीघ्र प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

# सलेमपुर मार्ग पर जलभराव से ग्रामीण परेशान नाला खुदाई को लेकर किसानों का विरोध

वेलकम इंडिया



कांधला। (मोहसिन रहमानी) थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर लंबे समय से जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण सड़क तालाब में तब्दील हो गई है। सड़क पर जलभराव के चलते राहगीरों और बस्ती के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस्तीवासियों ने इस समस्या को लेकर विकासखंड अधिकारी से शिकायत कर समाधान की मांग की थीशिकायत के निस्तारण के लिए बुधवार को राजस्व व विकासखंड की टीम मौके पर पहुंची।

टीम में कानूनगो धर्मवीर, लेखपाल मिंटू कुमार तथा विकासखंड सचिव अनुज तोमर जेसीबी मशीन के माध्यम से कच्चे नाले की खुदाई कराने पहुंचे। इस दौरान किसानों ने नाला खुदाई का विरोध करते हुए कार्य रुकवा दिया और आपत्ति जताई।काफी देर तक चले विरोध के बाद विकासखंड अधिकारियों ने सख्ती दिखाई, जिसके पश्चात जेसीबी मशीन से नाले की खुदाई का कार्य शुरू कराया गया।

अधिकारियों का कहना है कि नाला खुदाई से जल निकासी सुचारू होगी और सड़क पर जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी।गौरतलब है कि देहात क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण कई सड़कों पर लगातार पानी भरा हुआ है। ग्राम प्रधान और विकासखंड स्तर पर ठोस इंतजाम न होने से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है।

# माहीपुरा व हकीकत नगर में दुकानदारों से वसूला जुर्माना

वेलकम इंडिया



सहारनपुर। नगर निगम के अतिक्रमणरोधी दस्ते ने नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज जनता रोड स्थित माहीपुरा व हकीकत नगर में अतिक्रमणरोधी अभियान चलाया और करीब 50 दुकानों का अस्थायी अतिक्रमण हटाते हुए 13 हजार रुपये का जुमार्ना वसूल किया। कुछ दुकानों से काउण्टर व तख्त आदि जब्त किये गए, लेकिन जुमार्ना लेने के बाद सामान वापिस कर दिया गया। माहीपुरा चौक से ही आठ दुकानों से करीब पांच किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद कर आठ हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया।

व्यापार बंधु ने जिलाधिकारी की मीटिंग में माहीपुरा चौक पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया था। जिस पर नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज कर्नल एच बी गुरुंग के नेतृत्व में अभियान चलाते हुए माहीपुरा चौक से लगभग 40 दुकानों का अस्थायी अतिक्रमण हटवाया और सड़क पर सामान फैलाकर बैठने वाले दस दुकानदारों से 11 हजार रुपये जुमार्ना भी वसूल किया। अनेक दुकानों के सामने रखा सामान जब्त किया लेकिन भविष्य में अतिक्रमण न करने का आश्वासन देने पर जुमार्ना लगाकर सामान वापिस कर दिया गया। एक दर्जन से ज्यादा दुकानों पर प्रतिबंधित पॉलीथिन की जांच की गयी। आठ दुकानों पर प्रतिबंधित पॉलीथिन पायी गयी। पॉलीथिन को जब्त कर दुकानदारों पर एक-एक हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया।

इसके अलावा हकीकत नगर में स्मार्ट रोड पर अतिक्रमण किये जाने को लेकर भी निगम को शिकायतें की गयी थी। प्रवर्तन दल ने आज सुबह हकीकत नगर पहुंचकर अनेक दुकानों का अस्थायी अतिक्रमण हटवाया और दस दुकानदारों से कुल दो हजार रुपये जुमार्ना वसूल किया। इस दौरान सफाई निरीक्षक अमित कुमार, राजवीर, राजेश, नीरज व आशीष आदि भी मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा को अपने जीवन में आत्मसात करने से ही हमारा कल्याण संभव है : श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च

वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी



वृन्दावन। रमणरेती रोड़ स्थित फोगला आश्रम में श्रीहित उत्सव चैरिटेबल ट्रस्ट, वृन्दावन एवं श्रीमद्भागवत कथा परिवार, रायपुर (छत्तीसगढ़) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ठाकुरश्री विजय राधावल्लभ लाल व ठाकुरश्री प्रियावल्लभ लाल महाराज के द्वादश दिवसीय 212वें पाटोत्सव के अंतर्गत चल रहे 170 श्रीमद्भागवत के मूल पारायण व श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव हवन की पूर्णाहूति, श्रीमद्भागवत ग्रंथ पूजन, विप्र पूजन व भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ।

इससे पूर्व व्यास पीठ पर आसीन श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च ने अपनी रसमयी वाणी के द्वारा देश-विदेश से आए समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने की सार्थकता तभी है,जब हम सभी इस ग्रन्थ को अपने जीवन में आत्मसात कर लें।तभी हमारा कल्याण संभव है।इसीलिए सभी भक्त ये संकल्प लें ,कि इन सात दिनों में हमने श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा से जो भी श्रवण किया है,उसे अपने जीवन में धारण करेंगे।साथ ही आजीवन उसके बताए मार्ग पर चल कर प्रभु का गुणगान करेंगे।

महोत्सव के अंतर्गत ब्रजवासी पंडा सभा के अध्यक्ष पंडित श्यामसुंदर गौतम ने पंडा सभा के द्वारा भागवत आचार्य श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च का उनके द्वारा धर्म व अध्यात्म के क्षेत्र में की गई अविस्मरणीय सेवाओ के लिए शॉल ओढ़ा कर, स्मृति चिन्ह देकर एवं ठाकुरजी का पटका प्रसादी माला आदि भेट कर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर विश्वविख्यात भागवताचार्य व गौरी गोपाल आश्रम के संस्थापक डॉ. अनिरुद्धाचार्य महाराज, भागवत भास्कर कृष्ण चन्द्र शास्त्री (ठाकुरजी), परम हितधर्मी डॉ. चन्द्र प्रकाश शर्मा, पीपाद्वाराचार्य जगद्गुरु बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज, पण्डित रासबिहारी मिश्र, पण्डित जुगल किशोर शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा, पण्डित तरुण मिश्रा, पण्डित भरत शर्मा, हितवल्लभ नागार्च, महोत्सव के मुख्य यजमान श्रीमती सिंधु-मुकेश गोयल (रायपुर, छत्तीसगढ़), श्रीमती अनिता-कमल अग्रवाल, श्रीमती कौशल-अमिताभ अग्रवाल आदि रहे।

# महिला संबंधी शिकायती प्रार्थना पत्र का प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें: डॉ० हिमानी अग्रवाल

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग सदस्य डॉ० हिमानी अग्रवाल के द्वारा मोदीनगर तहसील सभागार में महिला जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा मारपीट पारिवारिक विवाद, भूमि संबंधी विवाद सहित 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।जनसुनवाई के दौरान उ०प्र० राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ० हिमानी अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि महिला संबंधी शिकायती प्रार्थना पत्र का प्राथमिकता से निस्तारण समय अनुसार करें, उ०प्र० राज्य महिला आयोग महिलाओं के लिए 24 घंटे खुला है, महिलाएं बिना डरे खुलकर अपनी बात कहें।जनसुनवाई के दौरान सभी को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गयी।जनसुनवाई के दौरान एस०डी०एम० मोदीनगर अजीत कुमार सिंह, ए०सी०पी० महिला अपराध सलोनी अग्रवाल, ए०सी०पी० मोदीनगर अमित सक्सेना, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी लोकेन्द्र सिंह, वन स्टॉप सेंटर मैंनेजर दीपाली, महिला थानाध्यक्ष रीतू त्यागी, नामित अधिवक्ता संजय मुदगल एवं संगीता उपस्थित रहीं।

# अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित हुआ अधिवेशन




वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान का प्रांतीय अधिवेशन एवं नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन खाटू धाम की पावन नगरी खाटूश्याम में आयोजित किया गया जिसमे धौलपुर जिला अग्रवाल महा समिति धौलपुर के जिला अध्यक्ष ऋषि मित्तल के नेतृत्व मे जिला पदाधिकारियों सहित अन्य सदस्य शामिल हुए प्रांतीय अधिवेशन एवं नववर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम मे राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग व विशिष्ट अतिथि नीमकाथाना विधायक सुरेश चद्र मोदी नें की शिरकत धौलपुर जिला अग्रवाल महासमिति के जिला अध्यक्ष ऋषि मित्तल,महामंत्री एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश गर्ग जिला मंत्री मुकेश बंसल (कोर्ट) प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु कुमार, अग्रवाल समाज संस्थान के मंत्री मनोज अग्रवाल,प्रदेश युवा संगठन मंत्री अंकुर अग्रवाल,नगर युवा अध्यक्ष रजत अग्रवाल,पूर्व युवा जिलाध्यक्ष कमल किशोर,जिला मिडिया सह प्रभारी सोमेन्द्र मंगल, सौरभ सिंघल, राजकुमार अग्रवाल, अशोक सिंघल चंद्र मोहन अग्रवाल, ध्रुव अग्रवाल, सहित अन्य लोग कार्यक्रम मे शामिल हुए।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा (पंजी०) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बी डी शर्मा एवं राष्ट्रीय महामंत्री पंडित शिव मोहन भारद्वाज ने प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखकर भगवान परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग की है।प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि जैसा कि आपको विदित है कि हमारा देश भारत त्यौहारों ऋषि मुनियों अध्यात्मिक एवं धार्मिक देश है जहां समय-समय पर अनेक ऋषि मुनियों ने जन्म लिया है।उन्ही में से एक भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम ।सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी आगरा में आयोजित की गईह्न जिसमें निर्णय लिया गया प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर भगवान परशुराम जन्मोत्सव को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की जाये। भगवान परशुराम का जन्म त्रेतायुग में ऋषि जमदग्नि तथा माता रेणुका के आश्रम में ब्राह्मण ऋषि के रूप में अक्षय तृतीया बैशाख मास की तृतीया तिथि को हुआ था। यद्यपि उनका जन्म रामायण काल में हुआ था परन्तु उनका विवरण महाभारत, श्रीमद् भागवत तथा कल्कि पुराण में भी मिलता है। उनका जीवन कर्मप्रधान, पितृ भक्ति तथा अन्याय एवं अत्याचार के खिलाफ अवाज बुलन्द करना सिखाता है।शस्त्र एवं शास्त्र में निपुण भगवान परशुराम हमें सच्चाई तथा धर्म पर चलना सिखाते है तथा समाज के विभिन्न वर्गों में समरसता का संदेश देते है।पूरे देश में ब्राह्मण समाज उन्हे भगवान के रूप में पूजता है। यदि उनके जन्म दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है तो इससे ब्राह्मण समाज की वर्षों से चली आ रही मांग पूरी हो जाएगी। पत्र में अनुरोध किया है कि ब्राह्मण समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर आगामी 19 अप्रैल 2026 को आने वाली अक्षय तृतीया को समस्त भारत में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की कृपा करें।

# ज्योतिष सम्मेलन में टूटते वैवाहिक रिश्ते विषय पर व्याख्यान दिए

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** भगवान परशुराम राष्ट्रीय पंडित परिषद ट्रस्ट व भारतीय वेद ज्योतिष विज्ञान संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय ज्योतिष सम्मेलन में देश भर से आए ज्योतिष के 100 मूर्धन्य विद्वानों एवं विदुषियों ने ज्योतिष परिप्रेक्ष्य में टूटते वैवाहिक रिश्ते विषय पर अपने ज्ञान व अनुभव को साझा करते हुए सारगर्भित व्याख्यान दिए। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश गौड़ ने बताया कि महाराज राजकीय संस्कृत महाविद्यालय जयपुर के सेवानिवृत प्राचार्य प्रो. आनंद पुरोहित ने आठ प्रकार के विवाहों का वर्णन करते हुए कुंडली मिलान से विवाह करने पर विस्तार से बताया। डॉ. केपी मुठ्ठल ने अष्टकूट, गुण व मंगल मिलान के साथ चरित्र व व्यावहारिक गुणों के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. सतीश भारद्वाज ने सामाजिक, संविधानिक, व्यावहारिक विषयों पर उत्कृष्ट व्याख्या कर चर्चा कर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं के साथ बेटी के संरक्षण पर चर्चा की। सम्मेलन के संयोजक व संस्था के यूपी सह प्रभारी डॉ.कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि भारतीय वेद ज्योतिष विज्ञान संस्थान के अध्यक्ष व भगवान परशुराम राष्ट्रीय पंडित परिषद् ट्रस्ट के उ.प्र प्रभारी डॉ. विनायक पुलह के द्वारा सौ सम्मेलन के आयोजन की ऐतिहासिक उपलब्धि पर इस मौके नागरिक अभिनंदन किया गया।राष्ट्रीय महासचिव आचार्य पंडित ओपी शास्त्री ने बताया ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश गौड़, व राष्ट्रीय संगठन मंत्री आचार्य सुरेश शर्मा ने देश भर से आए 100 मूर्धन्य एवं सुविख्यात ज्योतिषीय विद्वानों व अतिथियों को दुपट्टा, माला, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो आदि से मंच पर सम्मानित किया।इस अवसर पर डॉ. अरविंद तिवाड़ी, रमलाचार्य दिनेश प्रेम शर्मा, डॉ. नवप्रभाकर गोस्वामी, पंडित बाल किशन शर्मा, मंजूसिंह, प्रिंयका गोस्वामी, अजय आर्य, कृष्णाभ सहित दोनों संस्थाओं के कई विद्वान मौजूद रहे।

# महिलाओं के सामाजिक और राजनीतिक उत्थान पर विचार विमर्श किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सदस्य डॉ हिमानी अग्रवाल राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट में पहुंची और व्यापारियों से वार्ता कर महिलाओं के सामाजिक और राजनीतिक उत्थान पर विचार विमर्श किया। यहां व्यापारी नेता और लघु उद्योग भारती के मंडल उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल और प्रवीण मित्तल ने बुके देकर डॉ हिमानी अग्रवाल का स्वागत किया।

# गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोविंदपुरी में प्रकाश पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोविंदपुरी में दसवीं पादशाही श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज का 359 वा प्रकाश पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिसमें तीन दिन से चल रहे निरंतर अखंड पाठ साहब की संपूर्णता की अरदास व निशांन साहब की सेवा की गई। उपरांत कीर्तन व कथा विचार किए गए। गुरु घर के ग्रंथि ज्ञानी जोरावर सिंह के द्वारा गुरु गोविंद सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। अरदास उपरांत गुरु का लंगर अटूट बरताया गया। सभी श्रद्धालुओं ने बड़ी ही श्रद्धा भावना के साथ लंगर प्रसाद ग्रहण किया। रात को भी गुरु महाराज के दीवान सजाए गए। जिसमें कीर्तन गुरबाणी तथा कथा विचार हुए सभी श्रद्धालुओं ने शब्द कीर्तन गाकर गुरु साहब का प्रकाश पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया। रात्रि दीवान की समाप्ति के उपरांत बहुत ही सुंदर आतिशबाजी व पटाखे चलाकर गुरु साहब के प्रकाश पूरब की खुशियां मनाई गई दूध व मिष्ठान प्रसाद बांटा गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा सभी परिवारों और सेवादारों का आभार व्यक्त किया गया।इस सेवा में सभी सेवादार सरदार दलबीर सिंह सरदार गुरमीत सिंह सरदार सुरजीत सिंह सरदार मनमोहन सिंह सरदार बलविंदर सिंह सरदार तरनजीत सिंह सरदार भूपेंद्र पाल सिंह सरदार सतवंत सिंह सरदार मंजीत सिंह सरदार नवदीप बत्रा सरदार हरजीत सिंह सरदार अरविंद सिंह भूटानी सरदार जसदीप सिंह भूटानी भूपेंद्र सिंह आहूजा मोंटू विक्रम सिंह नवदीप सिंह नमन मेहर सिंह नययर सरदार सरबजोत सिंह जयराज धमिजा जी स्त्री सत्संग से जितेंद्र कौर हरबीर कौर मनजीत कौर कवल कौर, रंजीत कौर, जितेंद्र कौर गुरविंदर कौर सर्वजीत कौर ललिता सचदेवा रोजी सिमरन ज्योति सचदेवा हरगुन रजनी ग्रोवर भारती बत्रा मनदीप ढिल्लों हरिंदर कौर आदि सेवादार उपस्थित रहे।

# आईपीए ने उठाया सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चो की हाइ टेंशन लाइन से सुरक्षा का मुद्दा

वेलकम इंडिया अनिल कुमार





**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों में स्थित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर और निकट से गुजर रही हाई-टेंशन विद्युत लाइनों को बच्चों के जीवन के लिए सीधा खतरा बताते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज की है और छात्र छात्राओं की सुरक्षा से जुड़े इस बेहद अहम मुद्दे पर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में सीधे तौर पर लिखा गया है कि सरकारी स्कूलों के ऊपर खतरनाक विद्युत लाइनों के रहते नौनिहालों की पढ़ाई नहीं, बल्कि हर दिन उनका जीवन और सुरक्षा दांव पर लगी है। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने कड़े शब्दों में कहा – स्कूलों के ऊपर से गुजरती हाई-टेंशन लाइनें किसी भी क्षण भयावह दुर्घटना का कारण बन सकती हैं।सरकार बच्चों की सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकती। इन मौत बन चुकी लाइनों को तुरंत हटाना ही होगा – देरी किसी बड़ी त्रासदी को न्योता देने जैसा है। वही आईपीए के महासचिव महिपाल रावत ने कहा – ऊर्जा विभाग और शिक्षा विभाग का संयुक्त सर्वे तुरंत कराया जाए, सभी जोखिमग्रस्त विद्यालय चिन्हित हों और तय समय-सीमा में विद्युत लाइनों को सुरक्षित रास्ते पर शिफ्ट किया जाए। यह कागजी कार्यवाही का विषय नहीं – बच्चों की जान बचाने का सवाल है, और प्रशासन को जवाबदेह बनना ही होगा।

# ग्रामीण क्षेत्रों तक और अधिक मजबूत हुई स्वास्थ्य सेवाएं



वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान।** जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बुधवार को हंस फाउंडेशन के सहयोग से प्राप्त मोबाइल मेडिकल एंबुलेंस को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव मीणा, हंस फाउंडेशन के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर सौरभ सक्सेना भी मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. मीणा ने इस दौरान कहा कि यह पहल उन ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जहाँ स्थायी स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँचना चुनौती पूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस सेवा के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को उनके गांव में ही गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकेंगी।इस योजना के अंतर्गत सरमथुरा तथा बाड़ी क्षेत्र में 3-3 मोबाइल मेडिकल एंबुलेंस तथा बसेड़ी क्षेत्र में 1 मोबाइल मेडिकल एंबुलेंस तैनात की गई है।ये 7 यूनिट्स निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गांव-गांव जाकर आमजन का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक जांचें तथा निःशुल्क दवा वितरण करेंगी। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, बुजुर्गों, बच्चों एवं गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को इस सेवा से सीधा लाभ मिलेगा।इस मोबाइल मेडिकल यूनिट में एक चिकित्सा, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, सहयोगी स्टाफ तथा प्रशिक्षित पायलट की टीम तैनात रहेगी, जो आधुनिक उपकरणों के माध्यम से प्राथमिक उपचार, आवश्यक जांच एवं परामर्श सेवाएँ प्रदान करेगी।जरूरत पड़ने पर गंभीर मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर करने की व्यवस्था भी की जाएगी।उन्होंने कहा कि यह प्रयास जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ ग्रामीण आबादी को उनके घर के नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# टीबी मुक्त भारत अभियान को मिली नई गति

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान।** टीबी जैसी घातक बीमारी के उन्मूलन और टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय संकल्प को सशक्त आधार प्रदान करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग धौलपुर तथा जीव दया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला क्षय रोग निवारण केंद्र पर निःशुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा के निर्देशन में आयोजित यह शिविर न केवल एक स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम रही, बल्कि उन गरीब, असहाय एवं संसाधन-विहीन मरीजों के लिए जीवन रेखा बनकर सामने आई, जो आर्थिक अभाव के कारण उपचार को बीच में छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। कार्यक्रम में जीव दया फाउंडेशन के कोऑर्डिनेटर सूरज जाटव ने कहा कि जीव दया फाउंडेशन का उद्देश्य केवल दवाइयों का वितरण नहीं, बल्कि टीबी से पीड़ित प्रत्येक मरीज को संपूर्ण उपचार सुनिश्चित कराना है। उन्होंने कहा कि हम स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर टीबी को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।किसी भी मरीज का इलाज संसाधनों के अभाव में बाधित न हो, यह हमारा संकल्प है।इस दौरान जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रेम सैनी ने जीव दया फाउंडेशन के इस मानवीय और सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब सामाजिक संस्थाएं सरकार के प्रयासों के साथ मजबूती से जुड़ती हैं, तभी टीबी जैसी गंभीर बीमारी का समूल नाश संभव हो पाता है। फाउंडेशन द्वारा वितरित की गई निःशुल्क दवाइयां जिले के दर्जनों टीबी मरीजों के लिए न केवल राहत बल्कि एक स्वस्थ भविष्य की उम्मीद बनकर सामने आई है। इस दौरान डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा, वेदांत मुद्गल सहित अन्य मौजूद रहे।

# सीओ भास्कर कुमार मिश्रा को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महाकुम्भ सेवा मेडल से सम्मानित किया गया



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर महाकुम्भ प्रयागराज।** 2025 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए जनपद बुलंदशहर में नियुक्त क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राबाद भास्कर कुमार मिश्रा को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महाकुम्भ सेवा मेडल से सम्मानित किया गया। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राबाद भास्कर कुमार मिश्रा को उक्त महाकुम्भ सेवा मेडल प्रदान किया गया।

# कलेक्ट्रेट में बढ़ रही फरियादियों की संख्या डीएम ने गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जन समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की लगातार बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि जनपद प्रशासन पर लोगों का भरोसा मजबूत हो रहा है और उन्हें यहां अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद नजर आ रही है।

जनसुनवाई के दौरान नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित बड़ी संख्या में प्रार्थना और शिकायत पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादी की बात को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना और समस्याओं की जड़ तक पहुंचने का प्रयास किया। उन्होंने प्रार्थियों से यह भी जानकारी ली कि क्या उन्होंने पूर्व में भी अपनी शिकायत संबंधित विभाग को दी थी और उस पर क्या कार्रवाई हुई।



जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान केवल औपचारिकता के तौर पर नहीं, बल्कि पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य सिर्फ शिकायत दर्ज करना नहीं, बल्कि उसका वास्तविक और स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जनता दर्शन में प्राप्त सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों में स्थलीय निरीक्षण की आवश्यकता है, उनमें मौके पर जाकर जांच की जाए, ताकि समस्या की वास्तविक स्थिति सामने आ सके और उसका सही समाधान किया जा सके। डीएम माँदड़ ने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य लिया जाए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि फरियादी संतुष्ट है और उसकी समस्या का समाधान वास्तव में हो चुका है। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि जन शिकायतों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही या टालमटोल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की जिम्मेदारी है कि जनता को न्याय मिले और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारी हर समय तत्पर रहें। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे जनहित को सर्वोपरि रखते हुए संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

जनसुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अंजुम बी, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में शिकायतों को संबंधित विभागों को तत्काल अग्रसारित किया गया, ताकि निस्तारण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन धीरे-धीरे आमजन के लिए एक प्रभावी मंच बनता जा रहा है, जहां उनकी आवाज सीधे जिला प्रशासन तक पहुंच रही है। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की सक्रिय कार्यशैली और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता के चलते जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत माना जा रहा है।

# राशन पहुंचेगा सीधे लाभार्थियों तकः गाजियाबाद में 8 जनवरी से शुरू होगी वितरण प्रक्रिया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जनपद गाजियाबाद के लाखों राशनकार्डधारकों के लिए राहत भरी खबर है। जनवरी 2026 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का अग्रिम वितरण 8 जनवरी से 28 जनवरी तक निःशुल्क कराया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि जनपद में खाद्यान्न वितरण की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, समयबद्ध और लाभार्थी हित में सुनिश्चित की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि अंत्योदय राशनकार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं और 21 किलोग्राम चावल दिया जाएगा, जबकि पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूं और 3 किलोग्राम चावल का वितरण किया जाएगा। यह वितरण उचित दर दुकानों पर निर्धारित समय प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा, जिससे भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति न बने। अमित तिवारी ने कहा कि जनपद प्रशासन की प्राथमिकता यह है कि कोई भी पात्र लाभार्थी राशन से वंचित न रहे। इसके लिए सभी उचित दर दुकानों पर प्रतिदिन सीमित संख्या में टोकन जारी किए जाएंगे, ताकि वितरण व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

खाद्यान्न वितरण ई-पॉस मशीनों के माध्यम से किया जाएगा और अंतिम तिथि 28 जनवरी को मोबाइल ओटीपी के माध्यम से वितरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया कि पोर्टेबिलिटी के तहत राशन वितरण की सुविधा उचित दर विक्रेता के पास उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक ही मान्य होगी। उन्होंने सभी राशनकार्डधारकों से अपील की कि वे वितरण प्रक्रिया के दौरान विक्रेताओं और विभागीय अधिकारियों को अपेक्षित सहयोग प्रदान करें, जिससे योजना का लाभ सभी तक पहुंच सके। अमित तिवारी की कार्यशैली का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि वह शिकायतों के त्वरित निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। इसी क्रम में उन्होंने जनपद के सभी तहसीलों, ब्लॉकों और नगर क्षेत्रों के लिए संबंधित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों और पूर्ति निरीक्षकों के मोबाइल नंबर सार्वजनिक किए हैं, ताकि किसी भी लाभार्थी को राशन प्राप्त करने में असुविधा होने पर सीधे संपर्क किया जा सके। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करेंगे।

## कविता

कोई रिश्ता बचा ही कहाँ है,
अब तो वो फासले हो गये हैं।
घर का माहौल बिगड़ा हुआ है,
जबसे बच्चे बड़े हो गये हैं।

जैसे हमको समझ ही नहीं है,
हमने जी जिंदगी ही नहीं है।
अब ये चलना सिखाते हमें हैं,
बनके टीचर खड़े हो गये हैं।

अपने लालच में अंधे हुए हैं,
घर के तब इतने टुकड़े हुए हैं।
सच तो ये है कि गिनती नहीं है,
घर में इतने धड़े हो गये हैं।

जिसको देखो वही लड़ रहा है,
अपनी ही बात पर अड़ रहा है।
कोई छोटा बड़ा अब नहीं है,
सब के सब नकचढ़े हो गये हैं।

इनको हमसे तो सब चाहिए पर,
कुछ ये हमको कभी भी ना देंगे।
किससे जाकर करें हम शिकायत,
पंच, चिकने घड़े हो गये हैं।

कुछ ना कुछ तो हमारी कमी है,
अब तो हम भी यही मानते हैं।
चुप बस खामोश रहना ही अच्छा,
बच्चे हमसे बड़े हो गये हैं।

पर यूँ अफसोस करना गलत है,
कोई रस्ता निकालें तो अच्छा।
आखिर हैं ये हमारे ही बच्चे,
अब जो भिड़ने खड़े हो गये हैं।



संजीव शर्मा,
पूर्व पार्षद गांधी नगर,
गाज़ियाबाद।
मोबाइल नंबर 9311559382

# मोदीनगर में अवैध कॉलोनियों पर प्राधिकरण का बुलडोजर, 39 हजार वर्ग मीटर में फैली प्लाटिंग ध्वस्त

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** अवैध निर्माण और गैरकानूनी कॉलोनियों के खिलाफ प्राधिकरण ने सख्त कार्रवाई करते हुए मोदीनगर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ध्वस्तीकरण किया है। उपाध्यक्ष के स्पष्ट निदेशों के क्रम में बुधवार को प्रवर्तन जोन-02 की टीम ने ग्राम याकूतपुर मवी और ग्राम ललितपुर तिबड़ा में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान करीब 39 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लाटिंग को समाप्त किया गया। प्रवर्तन जोन-02 के प्रभारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में ग्राम याकूतपुर मवी, दिव्य ज्योति कॉलेज के समीप निवाड़ी रोड पर खसरा संख्या 35 में लगभग 17 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में चल रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। यहां ईशू नेहरा पुत्र रविंद्र नेहरा, कृष्णापाल तथा यशवीर उर्फ बाबू पुत्र प्रेमचंद और सुखपाल पुत्र ताराचंद द्वारा बिना किसी स्वीकृत मानचित्र के प्लाटिंग, सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्य कराए जा रहे थे। इसी क्रम में ग्राम ललितपुर तिबड़ा, मोदीनगर में खसरा संख्या 10 और 11 पर विनोद पुत्र जसवंत, लोकेन्द्र पुत्र महेन्द्र सिंह, ज्ञानेन्द्र कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह, रूबी पुत्री सतेंद्र, नीतू पुत्री सतेंद्र और अरुणा पत्नी सतेंद्र द्वारा लगभग 22 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध निर्माण, प्लाटिंग और मिट्टी भराव का कार्य किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद कॉलोनाइजर किसी भी प्रकार का स्वीकृत लेआउट प्लान या वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। प्राधिकरण की टीम ने अवैध कॉलोनियों में कॉलोनाइजर द्वारा बनाई गई सड़कें, बाउंड्रीवॉल, साइट ऑफिस और अन्य संरचनाओं को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय विकासकताओं और निर्माणकताओं ने विरोध का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद प्राधिकरण पुलिस बल और स्थानीय पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित रखते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी।



# हिंडन बायोडायवर्सिटी पार्क को लेकर निगम ने कसी कमर



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा शहर को एक भव्य और आधुनिक हिंडन बायोडायवर्सिटी पार्क देने की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सिटी जोन स्थित नए बस अड्डे के समीप, महामाया स्टेडियम के पीछे बन रहे हिंडन बायोडायवर्सिटी पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग की टीम को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर देखा कि बायोडायवर्सिटी पार्क के लिए चिन्हित स्थल को पूरी तरह व्यवस्थित किया जा चुका है। पहले जहां गंदगी के ढेर और अव्यवस्थित क्षेत्र था, वहां अब नगर निगम के निर्माण विभाग द्वारा तेजी से कार्य कर एक नया स्वरूप दिया जा रहा है।

# नितिन नवीन से शिष्टाचार सरदार एस.पी. सिंह भेंट ने कीं शिष्टाचार मुलाकात

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में बुधवार को पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार मुलाकात का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य एवं भाजपा गाजियाबाद महानगर के पूर्व संयोजक सरदार एस.पी. सिंह ने नितिन नवीन को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके मनोनयन पर बधाई दी तथा नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सरदार एस.पी. सिंह ने नितिन नवीन को नई जिम्मेदारी के लिए शुभेच्छाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा नितिन नवीन को यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा जाना कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्रोत है।



# शिक्षण में तकनीक का नया अध्याय

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सुंदर दीप वर्ल्ड स्कूल, गाजियाबाद में बुधवार को शिक्षकों के कौशल विकास को लेकर एक विशेष फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'शिक्षण में ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) और वर्चुअल रियलिटी (वीआर) तकनीक के लाभ रहा, जिसमें शिक्षकों को आधुनिक शिक्षा पद्धतियों से रूबरू कराया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ. एन. के. तेवतिया, डीन-इनॉवेशन एंड इनक्यूबेशन तथा सीएसई-एआई विभाग, गलगोटिया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, ग्रेटर नोएडा ने शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि एआर और वीआर जैसी उन्नत तकनीकों के माध्यम से कठिन से कठिन विषयों को भी सरल, रोचक और प्रभावी ढंग से छात्रों तक पहुंचाया जा सकता है। डॉ. तेवतिया ने कहा कि वर्चुअल रियलिटी के प्रयोग से छात्रों का सीखने का अनुभव अधिक जीवंत हो जाता है, जिससे उनकी समझ और रुचि दोनों में वृद्धि होती है।



कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या सपना अहलावत ने तकनीक आधारित शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार को अपनाना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक जितने अधिक तकनीकी रूप से सशक्त होंगे, उतनी ही बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों को प्रदान की जा सकेगी।

## वेलकम इंडिया

केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उ० प्र० लखनऊ के निर्देशानुसार वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय सत्र के दूसरे दिन आज दिनांक 07/01/2026 को प्रशिक्षण से पूर्व श्री सतीश कुमार, सहायक उपनियंत्रक (व0 वे0) के साथ सभी उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों ने ₹इतनी शक्ति हमें देना दाता₹ सर्वधर्म समभाव की प्रार्थना गायी। तत्पश्चात श्री सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक (व0 वे0) द्वारा पहले सेशन में ₹अग्नि त्रिकोण और दहन के सिद्धांत₹ के बारे में बताया गया₹। दूसरे सेशन में श्री सतीश कुमार द्वारा ₹आग बुझाने की विधि एवं उपकरणों₹ के बारे समझाया गया। दूसरे दिन के अंतिम सेशन में श्री सुरेंद्र कुमार, अग्निशमन विभाग द्वारा आग का वर्गीकरण, लगने के कारण एवं बचाव ₹ पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, अखिल अग्रवाल, विवेक यादव आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।

# ट्रक में लदा करोड़ों का माल गायब, 15 लाख की फिरौती मांग, रिपोर्ट दर्ज

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र के चिकंबरपुर से बिहार के लिए भेजे गए एक कारोबारी के करोड़ों रुपये के माल को रास्ते में ही हड़प लेने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि चालक और परिचालक की मिलीभगत से एक युवक ने ट्रक को मुरादाबाद ले जाकर माल अपने गोदाम में उतरवा लिया और अब उसे लौटाने के बदले 15 लाख रुपये की मांग कर रहा है। पीड़ित की शिकायत पर डीसीपी ट्रांस हिंडन के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चिकंबरपुर में 'झारखंड बंगालज नाम से ट्रांसपोर्ट का संचालन करने वाले ट्रांसपोर्टर दलजीत सिंह ने बताया कि नवंबर माह में उन्होंने एक कारोबारी का माल ट्रक में लोड कर आवश्यक बिलों के साथ चालक और परिचालक को बिहार के सीतामढ़ी के लिए रवाना किया था। ट्रक को निर्धारित मार्ग से जाना था।

# राजस्व समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश, एंटी भूमाफिया कार्रवाई में नहीं होगी ढिलाई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद में राजस्व व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ की अध्यक्षता में बुधवार को राजस्व विभाग से संबंधित एक व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कर एवं करेत्तर राजस्व की स्थिति, एंटी भूमाफिया के अंतर्गत की गई कार्रवाइयों, दैवीय आपदा प्रबंधन, मॉकड्रिल कार्ययोजना, राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़े प्रकरणों, निरीक्षण एवं प्रवर्तन की प्रगति, कार्यालयों की भौतिक स्थिति, स्वामित्व योजना, अभिनव कार्यों, ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण, शिकायत निवारण, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, खनन एवं टास्क फोर्स की कार्रवाई, शासकीय भूमि से अवैध कब्जे हटाने, ऑनलाइन खसरा कम्प्यूटरीकरण तथा मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं के पक्ष में स्वीकृत पट्टों की स्थिति की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी नियमित रूप से साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित करें, जिससे फील्ड की वास्तविक स्थिति और पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों में किसी प्रकार का अंतर न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध और सतत कार्रवाई आवश्यक है। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पाक्षिक समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को गंभीर चुनौती बताते हुए इनके विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर टास्क फोर्स गठित कर पेशेवर कब्जाधारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



ऐसे तत्वों पर एंटी भूमाफिया अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई कर उसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति गरीब, कमजोर या असहाय नागरिकों की भूमि पर अवैध कब्जा करता पाया जाता है और वह पेशेवर भूमाफिया की श्रेणी में आता है, तो उसके विरुद्ध भी बिना किसी भेदभाव के एंटी भूमाफिया के अंतर्गत कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने खाद्य पदार्थों में मिलावट को मानव जीवन से जुड़ा गंभीर अपराध बताते हुए कहा कि इस पर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को निर्देशित किया कि मिलावटखोरों के विरुद्ध निरंतर और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री, पीएम सूर्य घर योजना, फैमिली आईडी सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों से अधिकाधिक आवेदन प्राप्त कर उनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।